साप्ताहिक

# नर्मदा समय

Website: www.narmadasamay.com
Email: narmadasamay@gmail.com

Title Code:-MPHIN/36648

संपादक-प्रताप सिंह वर्मा

वर्षः 01, अंकः 18 | इटारसी, सोमवार 10 अप्रैल से 16 अप्रैल 2023 | पृष्ठ-04 | मूल्यः 05 रुपए

# नपा का बजट 2 अरब 63 करोड़ का पारित हुआ, कर नहीं बढ़ाया, नर्मदा जल लाकर शहर में जल प्रदाय होगा

## नगरपालिका सभागार में पक्ष-विपक्ष की शत प्रतिशत सहमति से पारित हुआ बजट






नर्मदा समय, संवाददाता

इटारसी। नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने अपनी परिषद का पहला बजट प्रस्तुत किया । शहर के विकास कार्यो के लिए 2 अरब 63 करोड 95 लाख रुपये से अधिक का बजट पारित किया है। खास बात यह है कि जनता को इस बजट में नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने बडी राहत यह दी है कि मौजूदा करों में कोई भी बढोतरी नहीं की है और आमदनी बढाने के लिए जनता पर कोई नया कर भी नहीं लगाया है। इस बजट के माध्यम से नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे और पूरी परिषद ने अपने विजन 2050 को साकार करने की कोशिश की है। इसमें शहर को आगामी कई वर्षों तक पेयजल की आपूर्ति के लिए 57 करोड रुपये अमृत 2:0 योजना के लिए प्रस्तावित किए हैं, इस योजना से माँ नर्मदा का जल इटारसी लाया जाएगा। वहीं शहर के सार्वजनिक स्थान, चौक-चौराहों के सौंदर्यीकरण के लिए 3 करोड रूपये, संजीवनी क्लीनिक के लिए 02 करोड रुपये प्रस्तावित किए गए हैं।

बजट की बैठक के दौरान नगरपालिका सीएमओ हेमेश्वरी पटेल, नपाध्याध्यक्ष निर्मल सिंह राजपूत, सभापति कल्पेश अग्रवाल, गीता देवेंद्र पटेल, राकेश जाधव, मीरा यादव, मंजीत कलोसिया, नाजिया बेग, पार्षद शिवकिशोर रावत, दिलीप गोस्वामी, रमा अरविंद् चंद्रवंशी, जिमी कैथवास, गीतांजलि मनीष चौधरी, ज्योति राजकुमार बाबरिया, रफतजहां सिद्धीकी, संजय ठाकुर, मीना साहू, अमित कापरे, मनीषा कौर हन्नू बंजारा, कन्हैयालाल मिहानी, शुभम गौर, कुंदन गौर, राजेश्री रमेश धूरिया, अंजलि कलोसिया, मनीषा अग्रवाल, कीर्ति दुबे मौजूद थीं।

### पार्षद क्या बोले-

बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए वरिष्ठ पार्षद वार्ड 04 शिवकिशोर रावत ने बजट की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि कर में बढोतरी नहीं करना अच्छा निर्णय है। उन्होंने कहा कि बजट स्वच्छता, स्वास्थ्य, सडक, नाली, पेयजल सबके लिए बहुत राशि लेकर आया है। वार्ड 32 की पार्षद कीर्ति दुबे ने कहा कि नपाध्यक्ष पंकज चौरे ने बजट में सभी वर्गो का ध्यान रखते हुए कर नहीं बढाए हैं। यह बडी अच्छी बात है। पार्षद जिमी कैथवास ने कहा कि मूलभूत सुविधाएं सडक, नाली, पानी की पर्याप्त राशि इस बजट में है, साथ ही सौंदर्यीकरण के लिए भी भारीभरकम राशि दी गई है, बजट बहुत ही शानदार है। पार्षद वंदना ओझा ने कहा कि जनता पर नया कर नहीं लगाकर नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने बढा अच्छा काम किया है।

### बजट एक नजर में

अमृत 2:0 योजना के लिए 57 करोड रुपये राशि से शहर में नर्मदा जल से जलप्रदाय की व्यवस्था की गई है। स्वच्छ भारत मिशन 2:0 योजना के तहत लेगेसी बेस्ट और लिक्विड बेस्ट डिस्पोजल के लिए 48 करोड रुपये से सीवरेज और सीवरेज प्रोजेक?ट किए जाएंगे।02 करोड की राशि से संजीवनी क्लीनिक का निर्माण कार्य। 2.5 करोड की राशि से कायाकल्प योजना के तहत शहर में 16 किमी सडकों पर डामरीकरण। 3 करोड की राशि से सार्वजनिक स्थलों का सौंदर्यीकरण व विकास कार्य। 07 करोड रुपये राशि से सडक निर्माण कार्य। 07 करोड रुपये राशि से नाली निर्माण कार्य। 1.25 करोड की राशि से पार्कों के सौंदर्यीकरण व विकास कार्य। 2.5 करोड की राशि से स्ट्रीट लाइट विकास कार्य।

### पंकज चौरे, अध्यक्ष, नगरपालिका परिषद ने कहा

2 अरब 63 करोड 95 लाख रुपये का बजट प्रस्तुत किया है। हमारी देवतुल्य जनता पर कोई नया कर नहीं लगाया गया और मौजूदा करों में बढोतरी भी नहीं की गई है। इस बजट के माध्यम से हम शहर के विकास में राशि की कोई नहीं आएगी। शहर में इस बजट से अमूलचूल परिवर्तन दिखेगा और विकास की नई इबारत लिखी जाएगी। इस बजट में अमृत, एसबीएम, सार्वजनिक स्थानों का सौंदर्यीकरण बडे प्रोजेक्ट हैं। आमदनी बढाने के लिए हम नपा की जमीनों को हम बीओटी या शासन से अनुमति लेकर लीज पर लेने का काम करेंगे। पुराने काम्प्लेक्स तोडकर नए कॉप्लेक्स बनाने की योजना है, मौजूदा काम्प्लेक्स की छतों पर नई दुकानें बनाकर आमदनी बढाने की योजना है।

### हेमेश्वरी पटेल, सीएमओ ने कहा

इटारसी शहर को स्वच्छ, आधुनिक, स्वस्थ्य एवं बेहतर नगर बनाने के लिए परिषद ने 2 अरब 63 करोड से अधिक राशि का बजट पारित किया है। इस राशि से शहर का समग्र विकास होगा। परिषद का धन्यवाद।

## वार्ड नंबर 5 के रानी अवंती स्कूल के केंद्र से लाड़ली बहना के 250 से अधिक फॉर्म भराये गए

नर्मदा समय, प्रताप सिंह वर्मा



**इटारसी।** वार्ड नंबर 5 के केंद्र रानी अवंती स्कूल से नगर पालिका द्वारा 250 फॉर्म भराये जा चुके हैं । वार्ड नंबर पांच के पार्षद प्रतिनिधि अरविंद चंद्रवंशी ने बताया कि लाड़ली बहना योजना के आवेदन भरे जाने को लेकर वार्ड की महिलाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है ओर अधिक आवेदन भरे जाने की उम्मीद है । हितग्राही महिलाओं की केवाईसी के लिए एवं आवेदन में आ रही ऑनलाइन दिक्कतों को दूर किया जा रहा है ताकि आसानी से आवेदन हो सके ।

## भीलट बाबा ने की 6 माह की भविष्यवाणी आषाढ़ में पानी, पशु एवं इंसानों पर संकट, तीन बड़ी भविष्यवाणी



**अरुण कश्यप/सिवनी मालवा।** ग्राम भीलट बाबा में हर साल की तरह इस वर्ष भी भीलट बाबा ने नीर लेते हुए छह माह की भविष्यवाणी की भीलट बाबा ने बताया कि आषाढ़ के महीने में पशु पानी एवं इंसानों पर संकट आ सकता है आने वाली फसल पर भी संकट बन रहा है । राजनीतिक क्षेत्र में भी संकट आने की संभावना है एवं इस वर्ष पानी भी आषाढ़ के महीने में आ सकता है । भीलट बाबा की भविष्यवाणी सुनने के लिए दूरदराज एवं आसपास के क्षेत्र के हजारों संख्या में श्रद्धालु आते हैं एवं बाबा की भविष्यवाणी को सुनते हैं । प्राचीन काल से ही बाबा की भविष्यवाणी सत्य होते आई है एवं भीलट बाबा जो भी भविष्यवाणी करते हैं वह सत्य होती है आस्था और विश्वास का श्रद्धालुओं पुराना संबंध है एवं दूर-दूर से लोग भिलट बाबा भविष्यवाणी सुनने के लिए आते हैं एवं भिलट बाबा उनकी बनना तो एवं प्रार्थना ओं को सुनकर उनकी मनोकामना पूरी करते हैं । भीलट बाबा मेले प्राचीन काल से ही चला आ रहा है एवं यह महिला बहुत ही पुराने समय से लगते आया है एवं हजारों श्रद्धालु यहां आकर भीलट बाबा के दर्शन करते हैं और अपनी मनोकामना को पूरा करते हैं । 15 दिन तक चलने वाला यह मेला एवं प्राचीन मंदिर पर्यटक स्थल के रूप में भी माना जाता है क्षेत्र के समस्त निवासी यहां आकर प्राचीन मंदिर के दर्शन करते हैं एवं अपनी भेटों को चढ़ाते हैं एवं मेले का आनंद लेते हैं मेले में दूर-दूर से दुकानें आती हैं झूले एवं मिकी माउस जैसे बच्चों के झूले एवं दुकाने आकर्षण का केंद्र रहती हैं इस मेले में पुलिस व्यवस्था से लेकर अधिकारी कर्मचारी पुलिस बल नागरिकों के सुरक्षा के लिए तैनात रहते हैं ।

## वरिष्ठ नागरिकों के लिए एल्डर लाइन नम्बर 14567

नर्मदा समय/ प्रदीप गुप्ता



नर्मदापुरम। वरिष्ठजन के साथ शारीरिक या भावनात्मक रूप से दुर्व्यवहार किया जा रहा है, तो वह एल्डरलाइन नंबर 14567 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है।सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार तथा सामाजिक न्याय और निशक्तजन कल्याण विभाग के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों की सुविधाओं एवं मार्गदर्शन हेतु सहायता के लिए हेल्पेज इंडिया द्वारा हेल्पलाइन टोल फ्री नम्बर जारी किया गया है। वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्थापित एक योजना है, जो मप्र के सभी जिलों में संचालित है। यह हेल्पलाइन सप्ताह के सातों दिन सुबह 08 बजे से रात 08 बजे तक कार्य करती है। एल्डर लाइन के अंतर्गत सेवाओं के एक भाव के रूप में मुफ्त कानूनी मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है तथा वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण और रख-रखाव के अधिनियम 2007 के बारे में और पेंशन योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदाय की जाती है।यदि किसी वरिष्ठजन के साथ शारीरिक या भावनात्मक रूप से दुर्व्यवहार किया जा रहा है, तो वह इस हेल्पलाइन नंबर पर रिपोर्ट कर सकतें है। कोई भी वरिष्ठजन अकेला हो या भावनात्मक रूप से कमजोर महसूस कर रहा हों, वे फोन करके बात कर सकतें है। हेल्पलाइन के माध्यम से भावनात्मक परामर्श प्रदान करने, परित्यक्त वृद्ध लोगों को अस्थाई आश्रय प्रदान करनें, उन्हें फिर से उनके परिवार के साथ मिलाने में मदद की जाती है। इसके अलावा वृद्धाश्रम, देखभाल करने वाली संस्थाओं, अस्पतालों आदि के बारे में भी जानकारी प्रदान की जाती है।

## यातायात डीएसपी के निर्देशन में जारी है वाहन चेकिंग अभियान

नर्मदा समय/प्रदीप गुप्ता

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर नीरज कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ. गुरकरन सिंह के निर्देशानुसार दो पहिया वाहन के कागजात चेक किये जा रहे है।

डी एस पी यातायात संतोष मिश्रा ने बताया कि आज शनिवार को यातायात निरीक्षक यादव द्वारा स्टाफ के साथ जेल तिराहा, मालाखेड़ी तिराहे पर वाहन चेकिंग की गई। इस दौरान एमवी एक्ट में 29 चालान बनाए गए।

समन शुल्क राशि 12,700/- रुपये वसूल किया गया। यातायात पुलिस द्वारा व्यापारियों को बार-बार अनुरोध के बाद भी अपनी दुकान का सामान एवं प्रदर्शन वाले पुतले सड़क पर रखे जा कर यातायात बाधित किया जा रहा है। उक्त व्यापारियों को एकत्रित कर उन्हें विनम्रता पूर्वक समझाइश दी गई। इस दौरान डीपीओ तिराहे पर कोचिंग संस्थान में जाकर बच्चों को यातायात नियमों के बारे में बता कर उनका पालन करने को समझाया। आज की कार्यवाही में डीएसपी यातायात संतोष मिश्रा द्वारा 50 चालान से 15,000 समन शुल्क हमराह सउनि पवन पटेल द्वारा 20 चालान से 6,700 समन शुल्क, थाना प्रभारी निरी यादव द्वारा 09 चालान से समन शुल्क की राशि 3,500, एसआई मालवीय द्वारा 20 चालान से समन शुल्क की राशि 9,200। इस प्रकार कुल चालान 99 यातायात पुलिस द्वारा काटे गए जिसमें

34,400 रू समन शुल्क वसूल किया गया। आरटीओ विभाग द्वारा 11 चालान से 6000 समन शुल्क वसूल किया गया । इस प्रकार आरटीओ के साथ संयुक्त चालानी कार्यवाही एवं यातायात की कार्यवाही में कुल 110 चालानी कार्यवाही से समन शुल्क की राशि 40,400 रू वसूल किए। यातायात डीएसपी श्री मिश्रा ने बताया कि आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

## पूरी गंभीरता और पारदर्शिता के साथ राजस्व न्यायालयों का संचालन करें : कलेक्टर

नर्मदा समय /प्रदीप गुप्ता

**नर्मदापुरम। पूरी गंभीरता और पारदर्शिता के साथ राजस्व न्यायालयों का संचालन करें। लंबित राजस्व और आपराधिक प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करें। यह निर्देश कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने शनिवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित राजस्व अधिकारियों की बैठक में सभी एसडीएम, तहसीलदार और नायब तहसीलदारों को दिए हैं। बैठक में कलेक्टर ने राजस्व, आपराधिक प्रकरणों के साथ विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की विस्तार से समीक्षा की।**



बैठक में अपर कलेक्टर मनोज कुमार ठाकुए, सभी एसडीएम , तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार उपस्थित रहें। कलेक्टर श्री सिंह ने जिले के नवागत राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्धारित तिथियों पर अपने कोर्ट का विधिवत संचालन करें। बिना सक्षम अनुमति के कोर्ट के दिन आगे न बढ़ाएं। राजस्व के साथ ही आपराधिक प्रकरणों का भी गम्भीरता से निराकरण करें। सीआरपीसी में निहित प्रावधानों के तहत ही आपराधिक प्रकरणों का निराकरण किया जाए। कलेक्टर श्री सिंह राजस्व प्रकरण के निराकरण में अपनाई जाने वाली प्रक्रिया के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि निर्धारित दायित्वों के पालन में लापरवाही पर सम्बन्धित राजस्व अधिकारियों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि राजस्व अधिकारी कानून व्यवस्था, आपदा प्रबंधन सहित अन्य मुद्दों पर मुस्तैदी के साथ काम करे। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि बाउंडोवर के प्रकरणों की जानकारी तहसील कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा करने के साथ ही उनकी जानकारी कलेक्टरेट और पुलिस अधिक्षक कार्यालय को प्रेषित करें। उन्होंने धारणाधिकार, स्वामित्व योजना एवं मुख्यमंत्री आवासीय भू अधिकार योजना के प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा कर योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रगति लाने के निर्देश दिए।कलेक्टर श्री सिंह ने सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की भी समीक्षा की। शिकायतों का संतुष्टि के साथ निराकरण करने के निर्देश सभी राजस्व अधिकारियों को दिए।

## बानापुरा के रेलवे स्टेशन पर 45 वर्षीय पुरुष का शव रेलवे स्टेशन की बेंच पर मिला

नर्मदा समय, अरुण कश्यप



सिवनी मालवा। बानापुरा के रेलवे स्टेशन पर उस वक्त हडकंप मच गया, जब 45 वर्षीय पुरुष का शव रेलवे स्टेशन की बेंच पर मिला। रेलवे कर्मचारी ने बेंच पर सोये हुए पुरुष को देखा। उसके शरीर में कोई हलचल नहीं हो रही थी । जब वह सुबह 6 बजे तक नहीं उठा, तो स्टेशन पर उपस्थित लोगों ने आरपीएफ को सूचना दी।

सूचना पर पहुंचे आरपीएफ प्रभारी ने देखा तो पता चला कि पुरुष मृत अवस्था में पड़ा हुआ था। उसके बाद उसके कपड़ों में देखा तो पता चला कि वह सिवनी मालवा के दो पीपल बाबा कॉलोनी का था। वह इटारसी जाने के लिए स्टेशन आया था। वह फेरी लगाकर कबाड़ा खरीदता था और रविवार सुबह लगभग 4 बजे पैसेंजर से इटारसी जा रहा था। जब स्टेशन पर ट्रेन आई, तो पुरुष ट्रेन में चढ़ने लगा। उसी दौरान कुछ महसूस होने पर वापस बेंच पर बैठ गया और थोड़ी देर बाद बेंच पर ही लेट गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने बताया कि उनका स्वास्थ्य खराब रहता है। उनका कई बार बीपी बढ़ जाता था। उनकी दवाइयां भी चल रही थीं।

### परिजनों ने नहीं करवाया पीएम

आरपीएफ ने इसकी सूचना जीआरपीएफ हरदा को दी। परिजनों की मांग थी कि उनके पिता की मृत्यु स्वास्थ्य खराब होने से हुई है, इसलिए वो पीएम नहीं करवाना चाहते हैं। पंचनामा बनाकर शव को परिजनों के सुपुर्द किया है।आरपीएफ प्रभारी ने बताया कि एक अचेत अवस्था में पुरुष मिला था, जिसका पंचनामा बना परिजनों के सुपुर्द किया है।

## भारी बारिश के बीच श्रोतायों ने किया श्री मद भागवत कथा का श्रवण

नर्मदा समय, नवील वर्मा


**शाहपुर।** ग्राम सिलपटी में सिरोंरिया परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा में आज तृतीय दिवस की कथा मे उज्जैन से पधारे पंडित आचार्य श्री पवन कृष्ण जी शास्त्री ने कथा वाचन करते हुए बताया कि किस प्रकार से पहलाद जी के लिए भगवान ने नरसिंह स्वरूप को धारण किया। पंडित शास्त्री जी ने बताया कि यदि व्यक्ति भगवान की भक्ति में संलग्न रहता है तो उसे हर परेशानी दुःख से उबारने के लिए किसी ना किसी रूप में परमाहात्मा जरूर आते हैं और शास्त्री जी ने बताया कि किस प्रकार से माता अनुसूइया ने अपने पति व्रत धर्म के प्रभाव से ब्रह्मा विष्णु और शिव तीनो देवो को छः छः महीने के बालक बनाकर अपने आंगन में पालना डालकर पलने में झुलाया शास्त्री जी ने बताया कि यदि अपने धर्म पर अडिग रहोगे तो वो परमेश्वर आपके घर भी जरूर आएंगे।

कथा में उन्होंने बताया कि भगवान भोलेनाथ से जब माता पार्वती नाराज होती है और क्रोध में अपने केस फेला के बैठ जाती है और भगवान शंकर से कहती है कि आप ने किन लोगों के नर मुड़ की माला डाली है आप हमसे ज्यादा उनसे प्यार करते हो जब शिवजी ने बताया कि हे देवी ये सभी मुड़ आपके पूर्व जन्म के है आपके है।



तब माता पार्वती उनसे और ज्यादा नाराज हो गई और उनसे पूछा कि मेरे इतने जन्म हो गए और आप हमेशा से यहा हो अपने ऐसा क्या किया है। तब भगवान शिव ने बताया कि मेने अमर कथा का पान किया है तब माता पार्वती ने जिद करी की मुझे भी अमर कथा का पान करना है तब भगवान शिव ने माता पार्वती को श्रीमद भागवत कथा का अमर पान कराया।

# नहीं मिला इंसाफ



एक स्थानीय अदालत ने बहुचर्चित मलियाना जनसंहार के सभी 39 आरोपियों को बरी कर दिया। अदालत ने आरोपियों को सबूत न मिलने के आधार पर बरी किया। स्थानीय अदालत का फैसला देश के पुलिस और न्याय तंत्र के कामकाज पर कठोर टिप्पणी है। बहुचर्चित मलियाना जनसंहार के 36 साल बाद आया स्थानीय अदालत का फैसला देश के पुलिस और न्याय तंत्र के कामकाज पर कठोर टिह्रश्वपणी है। फैसले में अदालत ने सभी 39 आरोपियों को इस आधार पर बरी कर दिया कि अभियोजन पक्ष उनके खिलाफ कोई सबूत नहीं पेश कर पाया। अहम सवाल यह है कि या सचमुच अभियोजन पक्ष इस मामले में सबूत जुटाना चाहता था और उसने वाकई इस दिशा में गंभीरता से कोशिश की थी। ध्यान रहे, इस घटना में एक-दो नहीं, 72 लोगों की मौत हुई थी और वे सारे एक खास समुदाय के थे। घटना 23 मई 1987 की है, लेकिन उस इलाके में कुछ सप्ताह पहले से ही तनाव बना हुआ था। 14 अप्रैल 1987 को नौचंदी मेले के दौरान हुए एक हादसे को इसकी मूल वजह बताया जाता है, जिसमें पटाखा एक सिपाही को जा लगा। इसके बाद सिपाही ने गोली चला दी, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई। इस वजह से बने तनाव के बीच ही हाशिमपुरा चौराहे पर एक धार्मिक समारोह में फिल्मी गाना बजाए जाने पर विवाद हुआ, जिसके कारण हिंदू-मुस्लिम दंगा हुआ। गौर करने की बात यह भी है कि मलियाना कांड से एक दिन पहले ही पास के हाशिमपुरा में मिलती-जुलती घटना हुई थी। पीएसी कर्मियों ने वहां से 42 लोगों को उठाया था। उन लोगों को गाजियाबाद के मुरादनगर स्थित ऊपरी गंगा नहर ले जाया गया और गोली मारकर नहर में फेंक दिया गया। हाशिमपुरा नरसंहार मामले में 2018 में दिल्ली की एक अदालत ने पीएसी के 16 पूर्वकर्मियों को दोषी करार दिया था। मगर उसी इलाके में और उसी माहौल में हुए मलियाना कांड में किसी को सजा नहीं हुई। इस कांड में कुल 93 आरोपी थे जिनमें से 23 लोगों का फैसला आने से पहले ही निधन हो गया और 31 कभी पकड़े ही नहीं जा सके। गवाहों और पीड़ितों का कहना है कि पीएसीकर्मियों की मौजूदगी में दंगाई भीड़ लूटपाट, हत्या और आगजनी को अंजाम दे रही थी, लेकिन जो मामला चला उसमें पीएसी की भूमिका का उल्लेख तक नहीं हुआ। पुलिस जांच की यह स्थिति थी कि आरोपियों की पहचान परेड तक नहीं कराई गई। इसमें दो राय नहीं कि इस घटना को लंबा अर्सा हो चुका है। तब प्रदेश में कांग्रेस के वीरबहादुर सिंह मुयमंत्री थे। ऐसे नरसंहार और उसकी ऐसी जांच के लिए, परदे के पीछे, दरअसल किन-किन लोगों की कैसी और कितनी भूमिका जिमेदार थी, यह आज पता करना मुश्किल है, लेकिन यह बात भी साफ है कि इस मामले में पीड़ितों के साथ इंसाफ नहीं हुआ है। यह हमारे न्याय तंत्र के लिए सचमुच शर्मनाक स्थिति है। इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। उमीद की जाए कि ऊपरी अदालतों में इस पर गंभीरता से विचार होगा और पुलिस ने अगर सही ढंग से जांच नहीं की है तो कम से कम उसकी जिमेदारी तय करने की दिशा में उपयुक्त प्रयास किए जाएंगे।

# हिन्दुओं के त्यौहारों पर ही हिंसक घटनाएं क्यों?

ललित गर्ग



रामनवमी पर निकाली गई शोभा यात्राओं के दौरान देश के विभिन्न राज्यों में हिंसा की जो वीभत्स, त्रासद एवं उन्मादी घटनाएं सामने आई हैं वे एक सवाल खड़ा करती हैं कि हिन्दुओं के त्यौहारों को ही अशांत एवं हिंसक क्यों किया जाता है? आखिर हिन्दू उत्सवों के मौके पर सांप्रदायिक सौहार्द का माहौल खराब करने के लिए क्या जानबूझकर कोई षड्यंत्र किया जाता है? क्यों हिन्दू देवी-देवताओं से जुड़ी आस्था पर ही हमला क्यों किया जाता है। गैर भाजपा सरकारों के राज्यों में ही हिन्दूओं पर हमले क्यों हो रहे हैं? सवाल यह भी है कि संबंधित राज्य की सरकार और स्थानीय पुलिस-प्रशासन ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए पहले से ही सतर्क क्यों नहीं रहता और दो समुदायों के बीच हिंसा भड़कने का इंतजार क्यों करता है? हर साल की तरह इस बार भी रामनवमी के दिन पश्चिम बंगाल, गुजरात, महाराष्ट्र में हिंसा हुई और इसके बाद बिहार सुलग उठा। बिहार के नालंदा एवं सासाराम सहित अन्य जगहों पर दो दिन से भीषण हिंसा हो रही है जिसे रोकने के लिए केन्द्रीय अर्धसैनिक बल तैनात करना पड़ा है। ऐसे में सवाल यह है कि इस प्रकार की घटनाओं के लिए किसे जिम्मेदार ठहराया जाए? हिंसा की ऐसी घटनाओं पर राजनीति करते हुए एक-दूसरे पर दोषारोपण करना तो हमारे देश में जैसे रिवाज बन चुका है लेकिन कोई भी राज्य सरकार इसके लिए अपनी चूक मानने को तैयार नहीं होती कि यह उसकी प्रशासनिक विफलता है। समाज एवं राष्ट्र में जो संकीर्ण साम्प्रदायिक व्यवस्था है और जो पनप रही है, वह न्याय के घेरे से बाहर है। सब चाहते हैं, उपदेश देते हैं कि धर्म विशेष के साथ अन्याय न हो, शोषण न हो। लेकिन वह धर्म-विशेष अन्याय करें, हिंसा करें, उत्पादी एवं उन्मादी माहौल निर्मित करें तो उसका प्रतिकार जरूरी है, तभी राष्ट्रीय एकता बन सकती है।

यह कैसा साम्प्रदायिक सौहार्द है जिसमें हिंदू आस्था का अपमान हो लेकिन चुप रहो। मां काली को सिगरेट पीते हुए दिखाया जाए, लेकिन कुछ मत बोलो। महादेव और मां पार्वती का मखौल उड़ाया जाए लेकिन खामोश रहो। हिन्दू त्यौहारों पर होने वाले हमले पर मौन रहो, आखिर साम्प्रदायिक सौहार्द के नाम पर इस देश में कौन सा खेल खेला गया और खेला जा रहा है। आखिर कब तक हिन्दू धर्म के लोग भी सहिष्णुता एवं धार्मिक सौहार्द के लिये स्वयं का बलिदान करते रहेंगे? रामनवमी और उसके दूसरे दिन भी नमाज के बाद हिंसा की सबसे क्रूर तस्वीरें पश्चिम बंगाल से सामने आई। अपनी कमजोरी छिपाने के लिए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने यह तर्क दिया कि मना करने के बाद भी मुस्लिम इलाकों से शोभायात्रा निकाली गई इसलिए हिंसा भड़की लेकिन सवाल यह है कि मुस्लिम इलाकों से शोभा यात्रा निकालना कोई अपराध है? ममता बनर्जी का यह कैसा बेतुका तर्क है। 1947 में धर्म के आधार पर भारत के बंटवारे के बाद अब ममता बनर्जी धर्म के आधार पर भारत का आंतरिक बंटवारा करना चाहती है? ममता बनर्जी का यह बयान देश की एकता-अखंडता की दृष्टि से बेहद खतरनाक है। वास्तविक रूप से देखा जाए तो पश्चिम बंगाल में हुई भीषण हिंसा के लिए ममता बनर्जी के एक बयान को जिम्मेदार माना जा रहा है। ममता बनर्जी ने रामनवमी के एक दिन पहले कहा था कि मैं रामनवमी की शोभायात्रा को नहीं रोकूंगी लेकिन शोभायात्रा के दौरान अगर किसी मुस्लिम के घर हमला किया गया तो मैं छोड़ूंगी नहीं। जबकि उन्हें यह भी कहना चाहिए कि यदि किसी शोभायात्रा पर हमला किया तो उस पर भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

बात केवल पश्चिम बंगाल की नहीं है, बिहार, राजस्थान आदि में भी मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति की जा रही है, कट्टरवादी समुदाय की हिंसक एवं उन्मादी घटनाओं को दबाया जाता है। इस कारण हिन्दू त्यौहारों पर लगातार हमले हो रहे हैं। हिन्दू नववर्ष, श्रीरामनवमी, श्री हनुमान जयंती आदि हिंदुओं के त्योहारों के समय देशभर में निकाली गई शोभायात्राओं पर जिहादी, उत्पादी एवं हिंसक प्रवृत्तियों द्वारा भीषण आक्रमण किए गए। ये हिन्दू-मुसलमान दंगे नहीं थे, अपितु आतंकवादी प्रवृत्ति के जिहादियों द्वारा योजनाबद्ध पद्धति से किए गए एक पक्षीय आक्रमण थे। राजस्थान के करौली के आक्रमण में सम्मिलित राजस्थान के सत्ताधारी दल के जनप्रतिनिधि और अन्य जिहादियों पर कार्यवाही करना तो दूर उनकी जानकारी प्रसार माध्यमों द्वारा देने एवं लोगों द्वारा शिकायत करने पर भी उन पर कार्यवाही नहीं की गई। इसके विपरीत सरकार उनका बचाव कर रही है। जो तीव्र प्रतिकार और विरोध करता है, उसकी बात सरकार और न्यायालय सुनते हैं। इसलिए बहुसंख्यक हिन्दू समाज जब तक ऐसे आक्रमणों का उचित प्रतिकार और विरोध नहीं करते, तब तक ये घटनाएं नहीं रुकेंगी। लेकिन ऐसा करने को प्रोत्साहन देना देश की एकता एवं अखण्डता को खण्डित ही करेगा। हिन्दू एवं अन्य समुदायों के लोग इंसान से इंसान को जोड़ने में विश्वास करते हैं, जबकि मुस्लिम समुदाय ऐसा नहीं कर पा रहा है। ऐसा नहीं है मुसलमानों में अधिकांश लोग भी तोड़ने में नहीं, बल्कि जोड़ने में ही विश्वास करते हैं, कुछ उन्मादी एवं हिंसक ताकतें समूची कौम पर दाग लगाती है, जिनको राजनीतिक स्वार्थ की भेंट चढ़ाया जाता है।

हिन्दू त्यौहारों की अहिंसक एवं सौहार्द संस्कृति को धुंधलाने के लिये राजनेता, फिल्मकार, पत्रकार बड़े पैमाने पर सक्रिय हैं। फिल्म 'अतरंगी रे' के कई दृश्यों में हिन्दू देवी-देवताओं और धर्मग्रंथों का अपमान किया गया है। भगवान शिव और हनुमानजी को लेकर अपशब्दों का प्रयोग किया गया है, तो रामायण की भी आपत्तिजनक व्याख्या की गई है। यहाँ तक की फिल्म में हिन्दू लड़की और मुस्लिम लड़के के प्यार को दिखा कर 'लव जिहाद' को भी बढ़ावा दिया गया है। हालही में ब्रह्मास्त्र का ट्रेलर रिलीज हुआ जिसमें अभिनेता रणबीर कपूर जूते पहनकर मंदिर में एंट्री ले रहे हैं और जूता पहनकर मंदिर की घंटियां बजा रहे हैं। इस तरह जान-बूझकर हिन्दू त्यौहारों से जुड़ी आस्था को कुचलने, मंदिर, देवी-देवताओं का अपमान सरेआम होता है और महत्वपूर्ण बात ये है कि ये सब अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर किया जा रहा है। सोचिए विचारों को प्रकट करने की आजादी जिसे अभिव्यक्ति का अधिकार कहा जाता है, वो कैसे सीमाओं को पार कर जाता है और हिंदू देवी-देवताओं के अपमान को सही ठहराने लगता है।

रामनवमी के दिन सुनियोजित तरीके से भीषण हिंसा को अंजाम दिया गया जिसमें पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों सहित कई निर्दोष लोग घायल हो गए और कई करोड़ की संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया। खास बात यह है कि इस हिंसा को लेकर सभी राजनीतिक दलों की ओर से सधी हुई भाषा में प्रतिकिक्रयाएं आ रही हैं जबकि छोटी-छोटी घटनाओं पर गला फाड़ आवाज उठाने वाले तथाकथित मानवाधिकारवादी, लिवरल गैंग, अवार्ड वापसी गैंग, टुकड़े-टुकड़े गैंग से जुड़े लोग तो ऐसे शांत है जैसे देश में सब कुछ ठीक चल रहा है। यदि ऐसी ही हिंसा ईद जैसी किसी मुस्लिम त्योहार पर हो जाती तो आज कथित धर्मनिरपेक्षता का कंबल ओढ़कर तमाम संगठन छाती पीट रहे होते और भारत से लेकर विदेशों तक एक ही वाक्य गूंज रहा होता कि भारत का लोकतंत्र खतरे में है। सवाल यह है कि इन तथाकथित धर्मनिरपेक्ष लोगों के लिए हिन्दू और हिन्दुओं का खून इतना सस्ता क्यों है?

आज समाज का सारा नक्शा बदल रहा है। परस्पर समभाव या सद्भाव केवल अब उपदेश देने तक रह गया है। हो सकता है भीतर ही भीतर कुछ घटित हो रहा है। ये हालात जो सामने आ रहे हैं, वे आजादी के पहले से ही अन्दर ही अन्दर पनप रहे हैं। राष्ट्र जिन डाटों के सहारे सुरक्षित था, लगता है उनको हमारे नेताओं की वोट नीति व अवांछनीय तत्वों ने खोल दिया है। आने वाले चुनावों में धर्मान्धता को उभारा जाएगा, उस सीमा तक लोगों की भावना को गर्माया जाएगा- जहां इसे सत्ता में ढाला जा सके। लेकिन जब-जब ऐसी आसूरी शक्तियां सक्रिय होती है कोई-न-कोई श्रीकृष्ण प्रकट होता है। धर्म तो पवित्र चीज है। इसके प्रति श्रद्धा हो। अवश्य होनी चाहिए। पूर्ण रूप से होनी चाहिए। परन्तु धर्म की जब तक अन्धविश्वास से मुक्ति नहीं होगी तब तक वास्तविक धर्म का जन्म नहीं होगा। धर्म विश्वास में नहीं, विवेक में है। अन्यथा अन्धविश्वास का फायदा राजनीतिज्ञ व आतंकवादी उठाते रहेंगे।

# दक्षिण में हिन्दी-विद्वेश की राजनीति कब तक?

**दक्षिण भारत में हिन्दी का विरोध करके राजनीति चमकाने की कुचेष्टाएं होती रही हैं। वहां राजनीतिज्ञ अपना उल्लू सीधा करने के लिये भाषायी विवाद खड़े करते रहे हैं और वर्तमान में भी कर रहे हैं। यह देश के साथ मजाक है। यह मुद्दा जब-तब सिर उठाता देखा जाता है। ताजा मामला तमिलनाडु में दही के पैकेट पर प्रमुखता से 'दही' लिखे जाने के निर्देश को लेकर उठा है। वहां के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने अपने ट्विटर पर लिखा है कि इस तरह हमारे ऊपर हिंदी थोपने का प्रयास किया जा रहा है। दरअसल, भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने कर्नाटक मिल्क फेडरेशन को निर्देश दिया है कि दही के पैकेट पर प्रमुखता से 'दही' मुद्रित किया जाए। इसी को लेकर विवाद छिड़ गया है। अब सुझाव आए हैं कि तमिल में दही के पर्यायवाची को कोष्ठक में लिखा जाना चाहिए।**

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने इस सुझाव को स्वीकार करते हुए पैकेट पर कर्ड के साथ तमिल और कन्नड़ भाषा के स्थानीय शब्द जैसे 'मोसरू' और 'तायिर' को ब्रैकेट में इस्तेमाल करने के निर्देश दे दिये हैं। भले ही राजनीतिक कारणों से यह सुझाव स्वीकार किया गया हो, लेकिन प्रश्न है कि जब तक राष्ट्र के लिये निजी-स्वार्थ एवं राजनीतिक नफा-नुकसान के गणित को विसर्जित करने की भावना पुष्ट नहीं होगी, राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक उन्नयन एवं सशक्त भारत का नारा सार्थक नहीं होगा। हिन्दी को सम्मान एवं सुदृढ़ता दिलाने के लिये केन्द्र सरकार के साथ-साथ प्रांतों की सरकारों को संकल्पित होना ही होगा।

मुख्यमंत्री ने एक सोची-समझी राजनीति के तहत एक बार फिर हिंदी और दक्षिण की भाषाओं के बीच विद्वेष की आग सुलगा दी है। हालांकि हिंदी को लेकर दक्षिण में अस्वीकार की भावना को शांत या सहज करने की कोशिशें हो चुकी हैं, खूब सारे तर्क दिए जा चुके हैं, मगर जो लोग इसे राजनीतिक रंग दिए रखना चाहते हैं, उनके सामने सारे तर्क बेमानी हो जाते हैं। ताजा विवाद भी उसी राजनीतिक नजरिए का नतीजा है। नई बनती दुनिया में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, कारोबार आदि वजहों से लोगों की देश के विभिन्न हिस्सों में आवाजाही बढ़ी है। जिसमें भाषायी संकीर्णता विकास में बड़ी बाधा है। महानगरों में बड़े पैमाने पर दूसरे प्रांतों के लोग जाकर बसने लगे हैं, बस गए हैं, उसमें भाषा संबंधी ऐसी संकीर्णता मायने नहीं रखती। वैसे भी जहां तक हिंदी की बात है, बेशक उसे राष्ट्रभाषा के तौर पर देश के सभी नागरिकों के लिए अनिवार्य बना दिया गया हो, लेकिन उसे व्यवहार की भाषा बनाने में अनेक दिक्कते खड़ी है। राजनीतिक उद्देश्यों से हिन्दी को उपेक्षित करने की कोशिशें लगातार हो रही है, जबकि हिन्दी विश्व की तीसरी सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषा बन गयी है। कोई भी कारोबारी अब यह नहीं कह सकता कि वह केवल अपनी मातृभाषा में कारोबार करेगा, हिंदी का सहारा बिल्कुल नहीं लेगा। पर्यटन उद्योग से जुड़े लोग भी ऐसी जिद नहीं पाल सकते। पालते भी नहीं। दक्षिण के राज्यों में हिंदीभाषी लोग बड़ी सहजता से अपनी भाषा में बात रख लेते हैं, वहां के लोग उनकी बात समझ भी लेते हैं। इस सच्चाई से वहां के राजनेता और प्रशासक भी अपरिचित नहीं। फिर यह समझना मुश्किल है कि वे ऐसे भाषा-विद्वेष को जिंदा ही क्यों रखना चाहते हैं? निश्चित ही संकीर्ण एवं स्वार्थ की राजनीति के कारण ऐसा हो रहा है।



डॉ. प्रताप सिंह वर्मा

तमिलनाडु में हिंदी को लेकर विरोध कोई नया नहीं है, यह विरोध तो 1937 से ही है, जब चक्रवर्ती राजगोपालाचारी की सरकार ने मद्रास प्रांत में हिंदी को लाने का समर्थन किया था पर द्रविड़ कणगम (डीके) ने इसका विरोध किया था। तब विरोध ने हिंसक झड़पों का स्वरूप ले लिया था और इसमें दो लोगों की मौत भी हुई थी। लेकिन साल 1965 में दूसरी बार जब हिंदी को राष्ट्र भाषा बनाने की कोशिश की गई तो एक बार फिर से ग़ैर हिंदी भाषी राज्यों में पारा चढ़ गया था। तमिल इतिहासकार एआर वेंकटचलापति का कहना है कि आज भी वहां हिन्दी के उपेक्षित होने का एहसास बना हुआ है। वे कहते हैं, 'सभी भाषाओं को बराबरी का दर्जा देकर ही सांस्कृतिक एकता को मजबूत किया जा सकता है। तमिलनाडु के दूरदराज के इलाके में अगर किसी को बैंक के एटीएम पर कुछ काम होता है तो उसे अंग्रेज़ी या फिर हिंदी का सहारा लेना होता, लेकिन उसके पास तमिल का विकल्प नहीं होता। बावजूद इन स्थितियों के हिन्दी का विरोध समझ से परे हैं। निश्चित रूप से कोई भी भाषा अपनी संस्कृति की वाहक और संरक्षक होती है, उसे विकृत करने की कोशिशों का विरोध होना ही चाहिए। मगर भाषाई खुलेपन की वजह से अगर कारोबारी विस्तार हो रहा है, तो ऐसी जिद भी नहीं पाली जानी चाहिए। फिर भाषाएं चुपके से अपनी सहवर्ती भाषाओं से न जाने कितने शब्द, मुहावरे, प्रतिमान ग्रहण कर अपने को समृद्ध करती रहती हैं, उनके इस सहज स्वभाव में राजनीतिक अवरोध भी क्यों पैदा किया जाना चाहिए।

किसी भी प्रांत को अपना समग्र विकास करना है तो भाषायी आग्रह एवं संकीर्णताएं त्यागनी होगी। भाषा, जाति, धर्म आदि को राजनीति का आधार मानने की स्थितियां अब उतनी प्रभावी नहीं रही है, अब देश एक हो रहा है तो उसकी भाषा भी एक होनी ही चाहिए। हिन्दी को दबाने की नहीं, ऊपर उठाने की आवश्यकता है। हमने जिस त्वरता से हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनाने की दिशा में पहल की, उसी त्वरा से राजनैतिक कारणों से हिन्दी की उपेक्षा भी की है, यही कारण है कि आज भी हिन्दी भाषा को वह स्थान प्राप्त नहीं है, जो होना चाहिए। राष्ट्र भाषा सम्पूर्ण देश में सांस्कृतिक और भावात्मक एकता स्थापित करने का प्रमुख साधन है। भारत का परिपक्व लोकतंत्र, प्राचीन सभ्यता, समृद्ध संस्कृति तथा अनूठा संविधान विश्व भर में एक उच्च स्थान रखता है, उसी तरह भारत की गरिमा एवं गौरव की प्रतीक राष्ट्र भाषा हिन्दी को हर कीमत पर विकसित करना हमारी प्राथमिकता होनी ही चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासन में हिन्दी को राजभाषा एवं राष्ट्रभाषा के रूप में स्कूलों, कॉलेजों, अदालतों, सरकारी कार्यालयों और सचिवालयों में कामकाज एवं लोकव्यवहार की भाषा के रूप में प्रतिष्ठा दिलाने के प्रयास हो रहे हैं, फिर दक्षिण में हिन्दी विरोध के बादल छटने ही चाहिए।

महात्मा गांधी ने अपनी अन्तर्वेदना प्रकट करते हुए कहा था कि भाषा संबंधी आवश्यक परिवर्तन अर्थात हिन्दी को लागू करने में एक दिन का विलम्ब भी सांस्कृतिक हानि है। मेरा तर्क है कि जिस प्रकार हमने अंग्रेज लुटेरों के राजनैतिक शासन को सफलतापूर्वक समाप्त कर दिया, उसी प्रकार सांस्कृतिक लुटेरे रूपी अंग्रेजी को भी तत्काल निर्वासित करें।' लगभग साढे सात दशक के आजाद भारत में भी हमने हिन्दी को उसका गरिमापूर्ण स्थान न दिला सके, यह विडम्बनापूर्ण एवं हमारी राष्ट्रीयता पर एक गंभीर प्रश्नचिन्ह है।

पूर्व उपराष्ट्रपति वैंकय्या नायडू के मन में हिन्दी को लेकर जो दर्द एवं संवेदना है, वही स्थिति सरकार से जुड़े हर व्यक्ति के साथ-साथ जन-जन की होनी चाहिए। हिन्दी के लिये दर्द, संवेदना एवं अपनापन जागना जरूरी है। कोई भी देश बिना अपने राजभाषा के ज्ञान के तरक्की नहीं कर सकता है। क्षेत्रीय भाषाओं की आपसी समावेशी एवं समन्वयकारी सोच से ही वे समृद्ध होती गयी है। इसलिये इस बात को लेकर झगड़ा ही क्यों होना चाहिए कि किस भाषा में दूध, दही या किसी और वस्तु को क्या कहते हैं। बहुत सारे उत्पादों के नाम विदेशी भाषाओं से लिए गए हैं, मगर इससे तो कभी किसी ने ऐसा महसूस नहीं किया कि उस भाषा की संस्कृति हमारे ऊपर थोप दी गई है। फिर हिन्दी को लेकर ही यह दुराग्रह क्यों?

## वर्ग पहेली 4970

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | | 4 | 5 | |
| 6 | | | 7 | 8 | | | |
| 9 | | 10 | | 11 | | | 12 |
| | | 13 | | | 14 | 15 | |
| 16 | 17 | | | 18 | | | |
| | | | 19 | | 20 | | |
| | 21 | 22 | | | 23 | | |
| 24 | | | | 25 | | | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 1965 को इस देश में संविधान लागू हुआ था (4)
4. चतुर, होशियार, प्रवीण, प्रसन्न (3)
6. सर्वसाधारण, लोग, पुराणानुसार पांचवां लोक जहां से मनुष्य उत्पन्न होते है (2)
7. आतंक, भय (4)
9. सनिश्चय नहीं, बिल्कल नहीं (3)
11. प्रेम, प्यार, मोहब्बत (2)
13. नजदीक, करीब, समीप, निकट (2)
14. मुर्ग की जाति का एक प्रसिद्ध पक्षी, कपिंजल (3)
16. चमड़े आदि का कोड़ा यह कहलाता है (3)
19. किसी का नाम किसी बात, आदि के लिए निश्चित किया जाना (5)
21. अखबार, दस्तावेज आदि का विधिक पत्र, समाचार पत्र (3)
23. मुझे (मराठी)(2)
24. धूल आदि साफ करने की वस्तु (3)
25. सोने, चांदी आदि पर बनाया जाने वाला रंगीन काम (2)

**ऊपर से नीचे**

1. इस डायरी में प्रतिदिन की कार्रवाई का विवरण लिखा जाता है (5)
2. स्वीकार करना, धारण को स्थिर करना, सम्मान करना (3)
3. स्मरण, स्मृति (2)
4. पुराणानुसार यह अप्सराओं की जननी है (4)
5. सौ का सूचक अंक (2)
8. निराकरण, निष्पत्ति, एक कृषि उपकरण (2)
10. अशुद्धि, अशुचि, अपवित्र, बेदाग (3)
12. यह मरूस्थल भारत के उत्तर पश्चिम में तथा पाकिस्तन के दक्षिण-पूर्व में स्थित है (2)
15. स्थानांतर, परिवर्तन (4)
17. यह हंगरी की राजधानी है (4)
18. आकाश, अंतरिक्ष, आसमान (2)
19. नारी का अपभ्रंश, गला, गर्दन (2)
20. दृढ़तापूर्वक बैठना, तरल पदार्थ का ठोस रूप में बदलना (2)
22. किंतु, परंतु, डैना, लेकिन (2)

## वर्ग पहेली 4969 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रा | जी | व | गां | धी | | अ | दा |
| ज | त | न | | र | म | ज़ा | न |
| की | | ज | न | ता | | न | व |
| य | क्ष | | या | | दु | | गु |
| | ति | | दौ | | आ | ब | रू |
| अ | | | र | सि | क | | |
| स | हि | त | | ता | र | पी | न |
| म | त | | गा | र | ना | | ट |

# सामाजिक न्याय सप्ताह का संदेश

(डॉ दिलीप अग्निहोत्री-हिफी फीचर)



भाजपा ने स्थापना दिवस को एक दिन के औपचारिक समारोह तक सीमित नहीं किया। एक सप्ताह की कार्ययोजना बनाई गयी है। इसमें विकास और विचार दोनों का समावेश रहता है। इस बार भारतीय जनता पार्टी ने स्थापना दिवस छह अप्रैल से लेकर डॉ. अम्बेडकर जन्म जयंती चौदह अप्रैल तक सामाजिक न्याय सप्ताह के रूप में मनाने का निर्णय किया। पार्टी संगठन की योजनानुसार सामाजिक न्याय सप्ताह के तहत विभिन्न प्रकार के सामाजिक एवं जन सेवा के कार्यक्रम किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों में समाज के सभी वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। उत्तर प्रदेश में सभी नदियों के किनारें के गांव व मण्डल स्तर पर पैदल मार्च कर जनजागरण अभियान चलाया जाएगा। साथ ही शहरी क्षेत्र में श्रीअन्न को लेकर जनजागरण अभियान चलाया जाएगा। पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा जिला स्तर पर महात्मा ज्योतिबा फुले की जन्म जयंती पर उनकी प्रतिमा एवं चित्र पर पुष्पार्चन कर उनके विचारों एवं समाज सुधार के लिए किए गए कार्यों को लेकर संगोष्ठी आयोजित की जायेंगी। डॉ. अम्बेडकर की जन्म जयंती अनुसूचित जाति मोर्चा व पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदेश, जिला, मण्डल व बूथ स्तर तक कार्यक्रम आयोजित कर बाबा साहब को अपने श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर व्याख्यान के कार्यक्रम आयोजित होंगे। सार्वजनिक स्थानों पर बाबा साहब अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण व आस पास के स्थानों पर स्वच्छता का कार्यक्रम भी आयोजित किया जायेंगें। इसी भावना के अनुरूप केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आजमगढ़ में साढ़े चार करोड़ रुपये से अधिक की एक सौ सत्रह विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर जल जीवन मिशन के अन्तर्गत लगभग चार हजार करोड़ रुपये की लागत से तेरह सौ से अधिक पाइप पेयजल परियोजना तथा लगभग बाईस करोड़ रुपये की लागत से हरिहरपुर संगीत महाविद्यालय का शिलान्यास किया। अमित शाह ने कहा कि पहले आजमगढ़ को आतंक के केन्द्र के रूप में माना जाता था, आज उसी आजमगढ़ की धरोहर हरिहरपुर घराने को पुनः सम्मान देने के लिए संगीत महाविद्यालय की नींव रखने का कार्य हुआ है। आजमगढ़ की धरती हरिहरपुर घराने तथा पं छन्नू लाल मिश्र जैसे गायिकी के विद्वानों से जानी जाती थी। पूर्ववर्ती सरकारों ने आजमगढ़ की छवि को धूमिल करने का कार्य किया था। आज उसी आजमगढ़ में शास्त्रीय संगीत को समर्पित संगीत महाविद्यालय स्थापित होने जा रहा है। हरिहरपुर घराना, जिसके नाम में ही हरि और हर दोनों है, वह हमेशा सम्पूर्ण होता है। आजमगढ़ गायिकी व कला की दृष्टि से तीनों विधाओं-गायन, वादन एवं नृत्य का केन्द्र हुआ करता था।

हरिहरपुर संगीत घराने के पद्मविभूषण पं छन्नू लाल मिश्र, पं अम्बिका मिश्र, डॉ मनोज कुमार मिश्र जैसे राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों को प्रसन्नता हो रही होगी कि जनपद आजमगढ़ का संगीत महाविद्यालय प्रारम्भ हो रहा है। आजमगढ़ में छह वर्ष पहले पहचान का संकट था। उसी आजमगढ़ को प्रधानमंत्री ने पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के साथ लखनऊ से जोड़ने का कार्य किया है। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के माध्यम से आजमगढ़ से लखनऊ की दूरी दो से ढाई घण्टे में तय की जा सकती है। अमित शाह ने आजमगढ़ में महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय का शिलान्यास किया था। शीघ्र ही इस विश्वविद्यालय के भव्य भवन का उद्घाटन होने जा रहा है। आजमगढ़ का हरिहरपुर घराना, एक ऐसा घराना है, जिसमें गायन, वादन एवं नृत्य तीनों विधाओं को अपने-अपने समय के मूर्धन्य विश्वविख्यात कलाकारों ने दुनिया के मंच पर सम्मान दिलाने का कार्य किया था। छह वर्ष पहले कोई आजमगढ़ के विकास के बारे में नहीं सोचता था। जनपद का नाम विनाशकारी कार्यों में लिया जाता है। आज आजमगढ़ विकास के लिए जाना जाता है। जनपद में सड़क, हाई-वे, पॉलीटेक्निक, डिग्री एवं इण्टर कॉलेज का तेजी से निर्माण हो रहा है। हर घर नल योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। जनपद में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के जरिये आवास, शौचालय, आयुष्मान भारत आदि का लाभ बिना भेदभाव यहां की जनता को मिल रहा है।

योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश को बिजली से युक्त कर विकास के नए युग की शुरुआत की है। उत्तर प्रदेश को विकास की दौड़ में आगे ले जाने के लिए डबल इंजन की सरकार कोई कसर नहीं छोड़ रही है। आजमगढ़ को हमेशा खराब कानून-व्यवस्था की परिस्थितियों का सामना करना पड़ता था। लेकिन आज इस जनपद को विकास का गढ़ बनाने का कार्य योगी सरकार ने किया है। उत्तर प्रदेश के नोएडा और आजमगढ़ में नए अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे बन रहे हैं। साथ ही, लखनऊ, वाराणसी और कुशीनगर सहित पांच अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों वाला भारत का एकमात्र राज्य उत्तर प्रदेश बना है। प्रधानमंत्री गतिशक्ति योजना को भी उत्तर प्रदेश सरकार ने जमीन पर उतारा है। पूरे उत्तर प्रदेश को दंगामुक्त प्रदेश बनाने का कार्य भी योगी सरकार ने किया है। भाजपा स्थापना दिवस पर भी योगी आदित्यनाथ ने विकास कार्यों का शुभारंभ किया था। लखनऊ नगर विकास विभाग के करीब नौ हजार करोड़ की दो हजार से अधिक विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास किया गया था। आठ अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हैदराबाद यात्रा के दौरान तेलंगाना में ग्यारह हजार करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। सिकंदराबाद-तिरुपति वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई यह ट्रेन आईटी सिटी, हैदराबाद को भगवान वेंकटेश्वर के निवास स्थान तिरुपति से जोड़ती है।

## ध्वनि विस्तार यंत्रों से हो रहे कोलाहल को जिला भर में नियंत्रण करे प्रशासन

इटारसी। विश्व हिन्दू परिषद के द्वारा जिला लोक सूचना अधिकारी कलेक्टर कार्यालय नर्मदापुर को संबोधित आवेदन दिनांक 22 फरवरी 2023 को देकर जानकारी मांगी गई थी कि जिले की सभी अनुविभागों में मध्यप्रदेश कोलाहल अधिनियम 1985 की धारा 7 (1) के अन्तर्गत कितने धार्मिक उपासना स्थलों को ध्वनि वितारक यंत्रों के उपयोग की अनुमति किन किन शर्तों पर दी गई है। किन्तु आज दिनांक तक किसी भी प्रकार की कोई भी सूचना प्राप्त नहीं होने पर विश्वहिन्दू परिषद के प्रतिनिधि के रूप में प्रांत सह मंत्री गोपाल सोनी द्वारा प्रथम अपील अधिकारी अपर कलेक्टर मनोज ठाकुर के कार्यालय में प्रथम अपील आवेदन प्रस्तुत किया गया। उक्ताशय कि जानकारी देते हुये विश्व हिन्दू परिषद के प्रांत सह मंत्री श्री सोनी ने बताया कि माननीय सुप्रीम कोर्ट, तथा हाईकोर्ट के आदेशों के बाद भी जिला और नगर प्रशासन कोलाहल नियंत्रण के लिये मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण 1985 को जिले की सीमा पालन नही करवा पा रहा है। अगर जिला प्रशासन कोलाहल नियंत्रण की दिशा में प्रभावी भूमिका नही निभाता हैतो भविष्य में विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल आन्दोलन का शंखनाद कर सकता है।

## रंजीता दुबे बनी विप्र समाज सोहागपुर की नगर अध्यक्ष



नर्मदापुरम। सर्व विप्र महासभा के प्रदेश कार्यालय में प्रदेशाध्यक्ष पं मुकेश दुबे, प्रदेश उपाध्यक्ष आशुतोष दुबे के अनुशंसा आदेश एवं कार्यालय मंत्री सुकान्त दुबे की सहमति से समाजसेवी श्रीमती रंजीत (रिंकी) दुबे को सोहागपुर महिला नगर अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया। इस अवसर पर सौरभ नायक, रत्नेश दुबे, सारांश दुबे, प्रशांत दुबे, महिला मण्डल से श्रीमती शिखा दुबे, संयोगिता दुबे, अंशिका दुबे उपस्थित हुए।

## रजक कल्याण बोर्ड सरकार और समाज के बीच एक कड़ी का काम करेगा



प्रदीप गुप्ता/नर्मदापुरम। प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने रजक समाज को सौगात देते हुए मप्र रजक कल्याण बोर्ड का गठन किया है। रजक समाज नगर अध्यक्ष व भाजपा नगरमंत्री मनीष परदेशी ने बताया कि रजक समाज के लिए मप्र सरकार ने बोर्ड का गठन किया है। जिसमें की समाज का समग्र विकास होगा एवं इस बोर्ड के माध्यम से समाज के युवाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण , उद्यमिता संवर्धन , रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों को बढ़ावा देगा। रजक कल्याण बोर्ड सरकार और समाज के बीच एक कड़ी का कार्य करेगी युवाओं को रोजगार के लिए ऋण उपलब्ध कराने की अनुशंसा भी बोर्ड करेगा एवं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ रजक समाज तक कैसे पहुंचे इसकी चिंता भी करेगा। रजक कल्याण बोर्ड के गठन अधिसूचना जारी होने पर समाज के सभी लोगों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का आभार व्यक्त किया है।

## शिवपुर क्षेत्र का किसान विद्युत कटौती से हो रहा परेशान,पर्याप्त बिजली ना मिलने के कारण मूंग की खेती पर पढ़ रहा बुरा असर



अरुण कश्यप / सिवनी मालवा। ग्राम शिवपुर विद्युत विभाग में किसानों ने एकत्रित होकर मूंग की फसल के लिए बिजली में हो रही कटौती को ले कर पूरे शिवपुर क्षेत्र में मूंग की बोनी चल रही है एक तरफ तो नहरों में पर्याप्त पानी नहीं दिया जा रहा और दूसरी तरफ 10 घंटे बिजली बोलकर 5 घंटे 6 घंटे बिजली दी जा रही है। भाजपा सरकार किसानों की आय दुगनी करने की बात करती है लेकिन यहां तो बिजली पानी नहीं दिया जा रहा है। किसानों के प्रति सरकार का रवैया तुष्टिकरण का होता जा रहा है और किसान धीरे धीरे कर्ज तले डूबता जा रहा है अगर ऐसी ही स्थिति रही तो पूरे क्षेत्र का किसान खेतों की जगह सड़कों पर अपने हक की लड़ाई लड़ेगा। कोठरा फीडर पर 4 घंटे बिजली मिल पा रही है और रायगढ़ नहर में भी काम पानी छोड़ा जा रहा है,किसानों की परवाह करने वाले यहां कोई नहीं है,डीजल की खेती बहुत मंहगी पड़ती है जिससे हमारा पूरा कांठल क्षेत्र पिछड़ता जा रहा है और अगर हमारी मांगे नहीं मानी गई तो किसानों के द्वारा आंदोलन किया जाएगा एवं किसानों के साथ में हो रहे हैं शोषण एवं बिजली पानी से परेशान किसान आंदोलन करेगा किसानों ने जानकारी देते हुए बताया कि बिजली एवं पानी से हमारी खेती ऊपर असर पड़ रहा है एवं हमें उचित समय पर पानी और बिजली ना मिलने के कारण हमारी फसलों को नुकसान पहुंचता है एवं हमारी फसलों पर संकट रहता है इसीलिए आज समस्त किसान इकट्ठा होकर विद्युत विभाग के अधिकारी से ज्ञापन के माध्यम से अपनी बात रखी एवं समय पर बिजली मिलने के लिए ज्ञापन दिया गया अधिकारियों ने भरोसा देते हुए किसानों को पर्याप्त बिजली देने का भरोसा किया गया।

## मित्र मंडली आराधनालय सिवनी मालवा में ईस्टर धूमधाम से मनाया गया




सिवनी मालवा। ईस्टर पर्व को फ्रेंड चर्च सिवनी मालवा मित्र मंडली आराधनालय में धूमधाम से मनाया गया एवं ईसा मसीह के कार्यों को याद करते हुए उनके जीवन की बातो एवं भविष्यवाणियों को पढ़ा गया एवं प्रचार प्रसार किया गया। ईसा मसीह ने किस प्रकार अपने आप को बलिदान कर दिया एवं उनकी जीवनी याद की गई एवं उनके कार्यों को समस्त इसाई समाज के सामने साझा किया गया। साथ ही साथ उनकी शिक्षाओं को बताया गया नम्रता दीनता के साथ में किस प्रकार मसीह ने अपने आपको एवं नम्र किया और अपने आपको बलिदान कर दिया। तीसरे दिन फिर मसीह जी उठने पर ही ईस्टर का पवित्र त्यौहार मनाया जाता है एवं उनकी समस्त शिक्षाओं को याद किया जाता है उनके कार्यों को वर्णन के दो रूप में बताया जाता है कि ईसा मसीह की शिक्षाएं एवं उन्होंने किस प्रकार अपने आप को बलिदान कर दिया और तीसरे दिन फिर जी उठा मानव जाति के कल्याण के लिए अपने आप को बलिदान कर दिया एवं तीसरे दिन जी उठा। मसीह समाज ने ईस्टर पर्व को धूमधाम से मनाया इस अवसर पर मित्र मंडली आराधना सिवनी मालवा के समस्त मसीह लोग चर्च में खड़े होकर विश्व शांति एवं पूरे भारतवर्ष के लिए प्रार्थना की गई एवं सुख शांति और समृद्धि के लिए भी प्रार्थना की गई एवं मित्र मंडली आराधना के समस्त सदस्यों ने मिलकर प्रीतिभोज किया आपस में बधाइयां एवं शुभकामनाएं दी।

## उपार्जन कार्य में अनियमितता पाये जाने पर केन्द्र प्रभारी निलंबित

हरदा। 7 अप्रैल को रबी उपार्जन वर्ष 2023-24 के तहत जिले के विभिन्न उपार्जन केन्द्रों में उपार्जन का कार्य जारी है। सहायक आयुक्त सहकारिता, वासुदेव भदोरिया ने बताया कि निरीक्षण के दौरान सहकारी संस्था मर्या. नांदरा द्वारा चना उपार्जन कार्य में अनियमितता पाये जाने पर उपार्जन केन्द्र प्रभारी विनोद लाठी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया।

# श्री महर्षि वाल्मीकि इच्छापूर्ति हनुमान मंदिर में महाआरती एवं भजन संध्या का आयोजन हुआ

## डॉ प्रताप सिंह वर्मा को सम्मानित किया गया





नर्मदा समय संवाददाता

**इटारसी। श्री हनुमान जयंती के पावन पर्व पर प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी तीन बंगला इटारसी स्थित श्री महर्षि वाल्मीकि इच्छापूर्ति हनुमान मंदिर पर महाआरती एवं भव्य भजन संध्या का आयोजन संपन्न हुआ।**

कार्यक्रम 28 वे वर्ष में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में धर्मप्रेमी हनुमान भक्त बड़ी संख्या में दादा के दरबार में हाजिरी लगाने पहुंचे, उन्होंने मंदिर में दर्शन एवं पूजा पाठ किया एवं भंडारा प्रसादी ग्रहण की। कार्यक्रम मैं भजन संध्या का कार्यक्रम आलाप म्यूजिकल ग्रुप इटारसी द्वारा प्रस्तुत किया गया जिसमें जयपुर से सुप्रसिद्ध श्याम भजन गायिका शुभी चौहान, इटारसी से सुप्रसिद्ध भजन गायिका नेहा ठाकुर, नर्मदा अंचल क्षेत्र के सुप्रसिद्ध भजन गायक मनीष जायसवाल ने माता रानी, भोलेनाथ, हनुमान लला, भगवान गणेश, श्री साई बाबा,एवं श्री खाटू श्याम जी के एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी साथ ही झांकी कलाकारों द्वारा भगवान भोलेनाथ, माता महाकाली, साईं बाबा की आकर्षक झांकियां भी नृत्य के साथ प्रस्तुत की गई जिससे उपस्थित श्रोता जमकर झूमे। कार्यक्रम में सम्मान समारोह आयोजित किया जिसमें नर्मदा समय न्यूज़ के संपादक डॉ प्रताप सिंह वर्मा को पुष्पहार के साथ ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि इस मंदिर से ही उन्होंने बागेश्वर धाम प्रमुख पं धीरेंद्र शास्त्री के दिव्य दरबार के लिए अर्जी लगाई थी जिसे टीकमगढ़ में पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने पुकार लगा कर स्वीकार किया था। साथ ही भजन गायक मनीष जयसवाल, जयपुर से पधारी श्याम भजन गायिका शुभी चौहान, इटारसी से भजन गायिका नेहा ठाकुर को पुष्प हार एवं श्री महर्षि वाल्मीकि इच्छापूर्ति हनुमान समिति द्वारा विशिष्ट ट्रॉफी से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित ग्रुप के समस्त कलाकारों को समिति द्वारा पुष्प हार पहनाकर स्वागत किया गया कार्यक्रम 8:00 बजे प्रारंभ हुआ एवं रात्रि 12:00 बजे समापन हुआ आयोजक एवं समिति के मुख्य सेवादार मुकेश सारवान एवं समिति के संयोजन में यह कार्यक्रम संपन्न किया गया।

## कलेक्टर गर्ग एवं एसपी कंचन ने लाड़ली बहना योजना के शिविर का जायजा लिया

नर्मदा समय/ कुलदीप राजपूत



हरदा। प्रदेश में महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबन, उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सुधार के लिये राज्य शासन द्वारा मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना प्रारम्भ की गई है। योजना के तहत बहनाओं के पंजीयन करने हेतु जिले में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के तहत हरदा शहर के वार्ड क्रमांक 17 में शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में कलेक्टर ऋषि गर्ग एवं पुलिस अधीक्षक संजीव कंचन ने लाडली बहना योजना शिविर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने उपस्थित कर्मचारियों से वार्ड के हितग्राहियों की संख्या एवं पंजीयन कार्य की प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर गर्ग ने निर्देशित किया कि सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को भी आईडी देकर डोर टू डोर जाकर लाडली बहना में पंजीयन कराया जाए। निरीक्षण के दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी ज्ञानेन्द्र यादव, वार्ड प्रभारी रामचंद्र सांवले, सेक्टर पर्यवेक्षक रेखा गौर, वार्ड पार्षद विनीता गुर्जर सहित कर्मचारी एवं वार्ड की महिलाएं उपस्थित थी।

**सीईओ ने लाडली बहना पंजीयन शिविर का निरीक्षण किया:** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित सिसोनिया ने शनिवार को ग्राम जामुनियाकला में आयोजित पंजीयन शिविर में पहुँचकर पंजीयन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान सिसोनिया ने लाड़ली बहना योजना के तहत बहनों का पंजीयन भी किया।

## मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने प्याऊ का किया शुभारंभ



नर्मदा समय, अरुण कश्यप

**सिवनी मालवा।** गोडवाना गणतंत्र पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव बलवीर सिंह तोमर के नेतृत्व में भिलट बाबा एवं भान बाबा पर नारियल एवं पुष्पमाला चढ़ाकर पोल खोल यात्रा प्रारंभ की गई। इस यात्रा में तहसील कार्यालय पहुंचकर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने रेत बिजली पानी विभिन्न समस्याओं को लेकर एसडीएम अनिल कुमार जैन को ज्ञापन दिया। भीलट बाबा मेले में पानी का स्टाल लगाकर सिवनी मालवा क्षेत्र एवं दूरदराज के क्षेत्रों से आने वाले नागरिकों के लिए साफ एवं स्वच्छ पानी का इंतजाम किया गया। दूरदराज एवं क्षेत्रवासियों को पीने के पानी की दिक्कत ना हो इसीलिए गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने 15 दिन तक चलने वाले भीलट बाबा मेले पर पानी का इंतजाम किया। इस स्टाल का शुभारंभ राष्ट्रीय महासचिव बलवीर सिंह चौहान ने किया। उन्होंने अन्य जानकारी देते हुए बताया पोल खोलो यात्रा एवं बीजेपी और कांग्रेस ने जो भ्रष्टाचारी की है उनको उजागर करना दलितों एवं पिछड़ा वर्गों के साथ में जो दुहरा व्यवहार एवं पिछली पंक्ति में आज भी वह खड़े हैं एवं उनका शोषण लगातार किया जा रहा है। शासन प्रशासन की मूलभूत सुविधाएं भी उन तक नहीं पहुंच पा रही है। दलितों एवं पिछड़ा वर्गों की जो योजना है उनको सरकार चालू तो करती है किन्तु उन लोगों तक नहीं पहुंच पा रही है। राष्ट्रीय महासचिव ने किसानों के साथ में हो रहे अन्याय को भी बताया भाजपा किसान बिजली पानी एवं खाद के लिए परेशान हो रहा है एवं राष्ट्रीय महासचिव बलवीर सिंह तोमर ने कृषि मंत्री कमल पटेल के ऊपर भी निशाना साधते हुए कहां की सिवनी मालवा क्षेत्र को पहले पानी मिलना चाहिए लेकिन कृषि मंत्री कमल पटेल जी नहर का पानी पहले हरदा क्षेत्र के लिए दिया जा रहा है जिससे सिवनी मालवा के किसान परेशान हो रहे हैं एवं उन तक और उनके खेतों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है और ना ही खेती के लिए पर्याप्त बिजली भी नहीं मिल रही है बिजली के लिए एवं पानी के लिए लगातार किसान विज्ञापनों के माध्यम से शासन प्रशासन को अवगत करा रहा है एवं किसान बहुत ही अत्यंत हुई परेशान है लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हो पा रही है इन सभी मुद्दों के लिए बीजेपी एवं कांग्रेस पर राष्ट्रीय महासचिव ने निशाना साधा और पोल खोलो यात्रा एवं घर घर झंडा हर घर झंडा एवं पोल खोलो अभियान के माध्यम से पिछली पंक्ति पर खड़े लोगों को जागरूक करने की बात कही।

## श्री शिव सांई दत्त मंदिर परिसर शिवराजपुरी कालोनी में हुआ धूमधाम से माता रानी का जागरण, श्री दुर्गा उत्सव समिति द्वारा भंडारा किया

नर्मदा समय, प्रताप सिंह वर्मा



**इटारसी। भगवान् श्री हनुमान जन्मोत्सव पर श्री दुर्गा उत्सव समिति द्वारा देवी जागरण और भण्डारे का आयोजन श्री शिव सांई दत्त मंदिर परिसर शिवराजपुरी कालोनी में किया गया। जागरण का आरम्भ माँ के बेटे ने महाआरती के द्वारा किया गया उसके पश्चात भजनो की प्रस्तुति की गई।**

जिसमे स्थानीय कलाकारो ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी वीणा ठाकुर ने मेरे बाला जी हनुमान, धीरे चलो री पवन, ये भगवा रंग और वही भोपाल से आई सपना जी ने लाल लगोटों,माँ मुरादें पूरी कर दे गाकर हाजरी लगाई वही जैसे ही आलोक शुक्ला द्वारा श्रीराम जानकी बैठे है व जो राम को लाये है गाया वैसे ही पूरा भक्त मंडल परिसर का झूम उठा वही सचिन सावरे, जितेंद्र द्वारा सुंदर मानव रूपी झाँकी माता जी, हनुमान जी, राधा कृष्ण,शिव पार्वती की प्रस्तुति देकर भक्तो का मन मोह लिया, वही मंच दरबार की सेवा पवन शुक्ला, दीपक ने संभाली, आर्गन पर शुभम देवहारे, आशीष दुबे, ढोलक राहुल मेहरा, तबले अंकित दुबे , पेड पप्पू भाई, ढोल लक्की, मोनू साउंड सर्विस व इस दौरान समाज सेवी बलराम शुक्ला, सोना शुक्ला, नगर पालिका उपाध्यक्ष निर्मल राजपूत, डॉ प्रताप सिंह वर्मा, वरिष्ठ पत्रकार कृष्णा राजपूत, एडवहोकेट राजेश शर्मा, सुरेंद्र राजपूत, रामबाबू सिंह, मिथलेश रघुवंशी, गजानन बोरीकर, शुभम राजपूत, ऋषि चौरे, नितिन साहू, दिनेश यादव सहित समिति के सदस्य मौजूद थे। जागरण सम्पन्न कराया कार्यक्रम में समस्त भक्तो का आभार श्री शिव सांई दत्त मंदिर व श्री दुर्गा उत्सव समिति के संरक्षक बलराम शुक्ला ने किया। कार्यक्रम में शिवराजपुरी कॉलोनी एवं आसपास का अपार जनसमूह उपस्थित रहा।

## बागेश्वर धाम प्रमुख पं धीरेंद्र शास्त्री इटारसी आएंगे

इटारसी। बागेश्वर धाम के प्रमुख पं धीरेंद्र शास्त्री परशुराम जयंती महोत्सव के अवसर पर 24 अप्रैल को इटारसी आएंगे। सर्व ब्राह्मण समाज के जिलाध्यक्ष पं जितेंद्र ओझा के निमंत्रण को उन्होंने स्वीकार कर लिया है। पंडित धीरेंद्र शास्त्री महाराज सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित भगवान परशुराम जयंती समारोह में शामिल होंगे।



## सिविल जज का जन्मदिन परिवारजनों के साथ गौशाला में मनाया

सिवनी मालवा। पूर्व जनपद अध्यक्ष मृगेंद्र सिंह मंडलोई ने अपनी बेटी सिविल जज चित्रांगदा मंडलोई का जन्मदिन परिवारजनो के साथअमलाडा कला स्थित गौ शाला पहुँचकर गौ माता को पशुआहार प्रदान और गौ पूजन कर मनाया इस अवसर पर पूर्वजनपद अध्यक्ष मृगेंद्र सिंह मंडलोई द्वारा क्षेत्रीय जनता सहित सभी गणमान्य लोगो से अपील की गई की जन्मदिवस सहित अनेक हमारे जीवन में जो भी स्मरणीय दिवस आते है उन दिनों में अपने समीपस्थ गौ शाला को अपने कार्यक्रम में शामिल करें जिससे गौशालाओं पर समाज की नजर बनी रहे।



# मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सरकार के 3 साल पूरे होने पर हितग्राही बहनों का सम्मेलन आयोजित हुआ

नर्मदा समय, प्रताप सिंह वर्मा



**इटारसी।** भारतीय जनता महिला मोर्चा नगर मंडल पुरानी इटारसी द्वारा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी की सरकार के 3 साल बेमिसाल वर्ष पूर्ण होने पर एवं सरकार द्वारा जन् हितेश योजनाओं के सफल संचालन पर हितग्राही बहनों के सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन अभिनंदन हॉल पुरानी इटारसी मे संपन्न हुआ इस कार्यक्रम के प्रारंभ में पित्र पुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी एवं प.श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के तेलचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पूर्व विधानसभा अध्यक्ष क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक माननीय डा.सीतासरन शर्मा जी ने महिला शक्तिकरण को बढ़ावा देने की बात कही एवम बहनों को भाजपा सरकार की सभी योजनाएं की जानकारी प्रदान।

इस कार्यक्रम में स्वागत भाषण भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष बबीता चौहान द्वारा दिया गया तत्पश्चात कार्यक्रम की प्रस्तावना मंडल अध्यक्ष मयंक मेहतो ने रखी नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने सभी महिलाओं को समझाया कि यदि योजनाओं के रजिस्ट्रेशन या लाभ प्राप्त करने में कोई भी समस्या हो तो वो हमारे किसी भी पदाधिकारी से सहयोग प्राप्त कर सकती है उनकी समस्या का पूर्ण समाधान किया जाएगा कार्यक्रम का संचालन सह मीडिया प्रभारी अनीता भगोरिया द्वारा किया गया एवम आभार प्रदर्शन वंदना सगोरिया, मीडिया प्रभारी द्वारा किया गया, इस कार्यक्रम के बीच मै संगठन गीत राधा मैना के द्वारा प्रस्तुत किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पालिका उपाध्यक्ष निर्मल राजपूत, मंडल महामंत्री गोविंद मेहतो, अतुल शुक्ला, विपुल चौधरी और इस कार्यक्रम की प्रभारी व जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मी गालर, जिला मंत्री ममता मालवीय, महिला मोर्चा इटारसी अध्यक्ष जागृति भादोरिया, वार्ड 8 पार्षद ज्योति बावरिया, महामंत्री राजकली बावरिया, पूर्व पार्षद प्रियंका चौहान,पूर्व महिला मोर्चा अध्यक्ष संध्या चौहान, मंत्री शक्ति राजपूत , मंत्री किरण मालवीय, मंत्री संध्या राय, कोषाध्यक्ष क्षमा चावरे, जिला कार्यकारिणी सदस्य सरोजिनी सचान, प्रियंका सगोरिया, ममता सोनी, रामवती बरखने, माया बरखने, मनीषा राजपुत, अनीता ओंकार , खुशबू पासवान, प्रीति मीना, रंजीता सुबुद्धि, समोता धार्मिक, रंजुलता प्रधान, रेखा साठे, मंजू झिंझोरे, अनीता शुक्ला, संतोषी यादव, फूलवती मेहरा आदि बड़ी संख्या में हितग्राही बहने उपस्थित रही।

## कैम्प लगाकर महिलाओं के आवेदन ऑनलाइन फॉर्म पोर्टल हो रहे अपडेट

**नर्मदापुरम।** मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना अंतर्गत नर्मदापुरम के वार्डो में कैम्प लगाकर महिलाओं के आवेदन ऑनलाइन फॉर्म पोर्टल पर दर्ज किये जा रहे है। विभिन्न वार्डो के अतिरिक्त नगर पालिका कार्यालय में भी आवेदन ऑनलाइन किये जा रहे है तथा महिलाओ की सुविधा के लिए नगरपालिका में ईकेवाईसी के लिए 04 केंद्र बनाए गए है एवं वार्डो की आंगनबाड़ी केंद्रों पर भी महिलाओं के ईकेवाईसी व आवेदन ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज किये जा रहे है द्य जिन वार्डो में कैंप लगाय गए है, उन सभी वार्डो के पार्षद द्वारा घर घर जाकर महिलाओं का पंजीयन कराया जा रहा है।

जिससे की वार्ड की एक भी महिला योजना से वंचित न रहे लाड़ली बहना योजना मुख्यमंत्री की योजना महिलाओं को शसक्त, स्वावलम्बी बनाने के लिए बनायीं गयी है। योजना में किसी भी प्रकार की लापरवाही ना बरती जाय। इसके लिए नगर पालिका अध्यक्ष एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी द्वारा कैंपो में जाकर निरिक्षण भी किया जा रहा है। नर्मदापुरम में योजना प्रारम्भ से आज तक लगभग 6850 फॉर्म पोर्टल पर आवेदन दर्ज किये जा चुके है एवं शत प्रतिशत महिलाओ को लाभ पहुंचने के लिए प्रयास किये जा रहे है।

महिलाओ तक योजना का लाभ शीघ्र पहुंच सके इसके लिए विधायक डॉ. सीतासरण शर्मा , कलेक्टर नीरज कुमार सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष नीतू यादव एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी नवनीत पांडेय द्वारा प्रतिदिन लाड़ली बहना योजना अंतर्गत ऑनलाइन फॉर्म भरने की स्थिति की मॉनिटरिंग की जा रही है एवं समस्त वार्डो के पार्षद, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका द्वारा भी सतत प्रयास किये जा रहे है।

# तय राशि से अधिक लिया जा रहा बैठक शुल्क, दुकानदारों ने किया प्रदर्शन

## दुकानदारों ने नारेबाजी कर लगाया अवैध वसूली का आरोप

बबलू निरापुरे/ नर्मदा समय



**आमला।** साप्ताहिक बाजार में बाजार ठेकेदार की मनमानी चल रही है। बाजार में तय राशि से अधिक वसूली का आरोप दुकानदारों ने लगाया है। दुकानदारों का आरोप था कि बाजार ठेकेदार दुगुनी राशि वसूल रहा है। पहले दुकान लगाने के 30 रूपये टैक्स दिया जाता था, वहीं अब ठेकेदार के कर्मचारी 60 रूपये तक वसूल रहे। जिसके विरोध में शनिवार दुकानदारों ने व्यापारी राजेश मानकर के नेतृत्व में जमकर प्रदर्शन किया और नारेबाजी कर अवैध वसूली का विरोध जताया। दरअसल वर्ष 2023-24 के लिए नगरपालिका ने साप्ताहिक बाजार एवं दैनिक गुजरी वसूली का ठेका केके कंस्टक्शन कंपनी गोविंद कालोनी आमला को दिया है। ठेकेदार द्वारा ठेका लेने के बाद दुकानदारों से मनमाना टैक्स वसूला जा रहा। दुकानदार योगेश दाठे, शैलेन्द्र, मनोहरलाल अमझरे, लखन उइके ने बताया कि ठेकेदार के कर्मचारी मनमुताबिक राशि नहीं पर दुकानदारों से अभद्रता करते है। इसी बात को लेकर बाजार में वाद-विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है। व्यापारियों ने नगरपालिका सीएमओ से अवैध वसूली पर रोक लगाने और दोषियों पर कार्रवाही की मांग की, ताकि व्यापारी निर्भिक होकर साप्ताहिक बाजार में दुकान लगाकर व्यवसाय कर सके।

### प्रति सप्ताह लगते है दो बाजार

शहर में सप्ताह के शनिवार-बुधवार सब्जी बाजार और प्रतिदिन गुजरी बाजार संचालित होती है। प्रत्येक शनिवार और बुधवार को लगने वाले हाट बाजार में सब्जी, कपड़ा, जूता-चप्पल, मसाला, सहित घरेलू उपयोग की कई वस्तुओं की दुकानें लगती है। इसके अलावा किसान भी सब्जियां लेकर पहुंचते है। बाजार में दुकानें लगाने वालों से बाजार ठेकेदार द्वारा बैठक शुल्क वसूला जाता है। इसके लिए स्थान के हिसाब से राशि भी तय है, किन्तु ठेकेदार के कर्मचारी तय राशि से अधिक वसूल रहे। अवैध वसूली को लेकर बाजार में सब्जी बेचने वाले किसानों ने विरोध शुरू कर दिया।

### धड़ल्ले से वसूली, जिम्मेदार बेखबर

नगर पालिका के साप्ताहिक सब्जी बाजार में वसूली हो रही है, जबकि नपा के अधिकारी इससे बेखबर हैं। ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले सब्जी विक्रेताओं से बोझा, पसरा के अनुसार राशि वसूली जा रही है। इसके चलते सब्जी की कीमतों में भी कमी नहीं आ रही है। जिसके पीछे दुकानदारों को बैठक शुल्क के रूप में दोगुनी राशि देना पड़ रहा है, मगर इस ओर नगर पालिका व प्रशासन किसी का ध्यान नहीं है। यहीं वजह है कि ग्राहकों को भी इसका खामियाजा महंगी सब्जियां खरीदकर चुकाना पड़ रहा है।

### सुविधाओं के नाम पर कुछ नहीं

बाजार क्षेत्र में दुकान लगाने के एवज में दुकानदारों से बैठक शुल्क तो लिया जाता है, लेकिन व्यापारियों को सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में कोई पहल नहीं हुई है। बाजार में न तो शुद्ध पेयजल है और न ही साफ-सफाई, लाईट या पार्किंग व्यवस्था है। जिससे व्यापारियों और दूरदराज से आने वाले किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इतना ही नहीं व्यापारियों की शिकायतों पर भी नपा ध्यान नहीं देती है। नपा प्रशासन की उदासीनता का फायदा ठेकेदार उठा रहा है और सब्जी विक्रेता ठगे जा रहे हैं।

### इनका कहना है

मुझे जानकारी नहीं है। मैं अभी तत्काल बाजार स्थल पहुंचकर जानकारी लेता हूं।

**राजेन्द्र अतुलकर, प्रभारी राजस्व निरीक्षक, नपा आमला**

## स्मृति में रक्तदान शिविर का आयोजन रखा गया

नर्मदा समय, नवील वर्मा



**चिचोली।** स्वर्गीय संदीप सोनी के स्मृति में जय बजरंग दुर्गा उत्सव समिति द्वारा बुधवार को सोनी मोहल्ला मैं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें अधिक से अधिक युवाओं ने जुड़कर स्वर्गीय श्री संदीप सोनी जी को श्रद्धांजलि स्वरूप रक्तदान करेंगे अर्पित की। भोला भनारे, पूरण भनारे, शानु भनारे ने दुःखद परिवार से कहा कि किसी के स्वर्गवास होने पर उनको याद करने से अच्छा है कि उनकी याद कुछ करे जिससे इस अच्छाई का पुण्य उन्हे स्वर्ग में मिले। एक बार रक्तदान कीजिए अच्छा लगता हैं, रक्त दान जीवन दान है। इस विषय की मनीष चौरे (पूर्व नगर मंत्री एबीवीपी) से की उन्होंने जिला चिकित्सालय मै आवेदन देकर कार्यक्रम को सफल बनाया। इस स्मृति शिविर में सोनी, कहार एवम् आर्य समाज के लोगों ने बड़ चड़ कर भाग लिया। इसमें कुल 46 यूनिट रक्तदान हुआ। सत्यम सोनी, श्याम सोनी, गणेश, विक्की आर्य।

## तेल घानी बोर्ड सरकार और समाज के बीच एक कड़ी का काम करेगा : आशीष राठौर



**शाहपुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने तेली समाज को सौगात देते हुए मप्र तेल घानी बोर्ड का गठन किया है। राठौर समाज युवा प्रकोष्ठ जिला महामंत्री व भाजपा नेता आशीष राठौर ने बताया कि तेली समाज के लिए मप्र सरकार ने बोर्ड का गठन किया है, जिसमें की समाज का समग्र विकास होगा एवं इस बोर्ड के माध्यम से समाज के युवाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण, उद्यमिता संवर्धन, रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों को बढ़ावा देगा। तेल घानी बोर्ड सरकार और समाज के बीच एक कड़ी का कार्य करेगी युवाओं को रोजगार के लिए ऋण उपलब्ध कराने की अनुशंसा भी बोर्ड करेगा एवं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ तेली समाज तक कैसे पहुंचे इसकी चिंता भी करेगा। तेल घानी बोर्ड के गठन अधिसूचना जारी होने पर समाज के सभी लोगों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का आभार व्यक्त किया है।

## गाय साक्षात प्रकृति सूचक भगवान है :मंजू पंडागरे

**बबलू निरापुरे/आमला।** गौसेवा के क्षेत्र में श्री महावीर हनुमान गौशाला का कार्य श्रेष्ठ है गाय साक्षात प्रकृति सूचक भगवान है गाय की रक्षा कर हम प्रकृति को संवार सकते है उक्त आशय के विचार श्रीमती मंजू पंडागरे समाजसेवी ने आज श्री महावीर हनुमान गौशाला परिसर में आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किये।गौशाला परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर श्रीमती मंजू पंडागरे समाजसेवी उपस्थित थी।वही विशिष्ट अतिथि के तौर पर जसपाल सिंह सिसोदिया प्रमुख राजपूत महासभा एवं समाजसेवी उपस्थित थे।साथ ही अन्य अतिथियों में श्रीमती रूपा ठाकुर प्राचार्य ठाकुर इंदल सिंह कन्या महाविद्यालय आमला,श्रीमती सीमा चौरिया अध्यक्ष नारी शक्ति संगठन आमला,श्रीमती ओमवती विश्वकर्मा वरिष्ठ पार्षद आमला उपस्थित थी।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए समाजसेवी जसपाल सिंह सिसोदिया ने कहा कि गौसेवा कर हम अपना वर्तमान तो संवारते ही है साथ ही भविष्य भी संवार लेते है।आमला में गौशाला के इस कार्य को देखकर प्रसन्नता हो रही है मैं सदैव ही गौशाला के विकास के लिये जो भी सम्भव होगा उसे करने का प्रयास करूंगा।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए रूपा ठाकुर प्राचार्य ने कहा कि आज गौशाला से जुड़कर हम गौरान्वित हुए है और गौसेवा की दिशा में हम निरन्तर सहयोग करते रहेंगे। समाजसेवी सीमा चौरिया ने कहा कि सबसे पुनीत कार्य गौपालन है गाय की सेवा कर हम कोटि कोटि जन्मों का लाभ प्राप्त कर सकते है।यहां की गौशाला का कार्य अद्वितीय है।कार्यक्रम को पार्षद ओमवती विश्वकर्मा ने भी सम्बोधित किया।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए समाजसेवी मंजू पंडागरे ने कहा कि गौशाला से जुड़कर मैं स्वयं को धन्य और सौभाग्यशाली समझ रही हु गौशाला के लिये मुझसे जो भी बन पड़ेगा मैं उसे पूरा करने का प्रयास करूंगी।कार्यक्रम के प्रारम्भ में स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए गौशाला परिवार के प्रमुख मनोज वाधवा ने कहा कि गौशाला का कार्य तो हम कर ही रहे थे किंतु आज इतनी बड़ी संख्या में मातृ शक्ति के जुड़ने से हमे इस कार्य मे नई ऊर्जा मिली है और आगे हम आप सभी महिलाओं के सहयोग से गौशाला को नई ऊंचाइयां प्रदान करेंगे।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए गौशाला के देवेंद्र राजपूत ने कहा कि मातृ शक्ति के गौशाला से जुड़ने से इसके संचालन में हमे बहुत बड़ा सहयोग मिलेगा और गौशाला जैसे इस पुनीत कार्य को हम और अच्छे से सम्पन्न कर सकेंगे।कार्यक्रम का कुशल मंच संचालन मनोज विश्वकर्मा ने किया।कार्यक्रम में सभी ने गौ पूजन किया और गौशाला का भृमण कर कार्य देखा और गौशाला के कार्यो की प्रशंसा की।कार्यक्रम को बैतूल से पधारे चंद्रशेखर त्रिपाठी एवं नितिन मिश्रा ने भी सम्बोधित किया।कार्यक्रम की विशेषता ये रही कि आज गौशाला परिसर में सैकड़ो की संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।कार्यक्रम में श्रीमती मंजू पंडागरे ने इक्कीस सौ रुपये,राजपूत महिला संघठन ने इक्कीस सौ रुपये,महिला बीसी ग्रुप ने इक्कीस सौ रुपये सहित अन्य संगठनों ने गौशाला को राशि प्रदाय की,जसपाल सिंह सिसोदिया ने भूषा उपलब्ध करवाने की बात कही।कार्यक्रम में सभी ने समय समय पर गौशाला आने और सहयोग करने की बात कही।कार्यक्रम को हेमंत गुगनानी,नीरज सोनी और ऋद्धु गुगनानी ने भी सम्बोधित किया।कार्यक्रम में उल्लेखनीय कार्य हेतु श्रीमती चंद्रकला वागद्रे का सम्मान किया गया।

## यादव कल्याण बोर्ड गठित कराने केन्द्रीयमंत्री ने लिखा मुख्यमंत्री को पत्र

नर्मदा समय



**टीकमगढ़।** मध्यप्रदेश में यादव समाज को विकास की मुख्य धारा में प्रभावी ढंग से जोड़ने उनके उत्थान एवं कल्याण के लिये यादव कल्याण बोर्ड के गठित करने क्षेत्रीय सांसद व केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखा है। उक्त जानकारी प्रेस को देते हुए भाजपा नेता विकास यादव ने बताया कि विगत दिवस यादव समाज के प्रमुख लोगों द्वारा टीकमगढ़ प्रवास पर आये केन्द्रीयमंत्री डॉ वीरेन्द्र कुमार को उनके निवास पर पहुँच कर ज्ञापन सौंपा गया था जिस पर तत्काल कार्यवाही करते हुए केन्द्रीयमंत्री डॉ वीरेन्द्र कुमार ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। ज्ञापन में श्री यादव ने केन्द्रीयमंत्री डॉ वीरेन्द्र कुमार को बताया कि मध्यप्रदेश में यादव समाज बहुत बड़ी संख्या में निवास करता है। प्रदेश के भिण्ड मुरैना दतिया निवाड़ी टीकमगढ़ छतरपुर पन्ना सागर सतना रीवा सीधी सिंगरौली एवं अशोकनगर सहित 13 ऐसे जिले हैं जो यादव बाहुल्य प्रदेश उत्तर प्रदेश की सीमा से लगे हैं।

इसके अलावा प्रदेश के अन्य जिलों में भी यादव समाज बहुत बड़ी संख्या में निवासरत है और यह सभी लोग अन्य प्रदेशों में अलग-अलग क्षेत्रीय पार्टियों से जुड़े हुये हैं, किन्तु मध्यप्रदेश में इस समाज पर कांग्रेस पार्टी का अत्यधिक प्रभाव है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में चल रही भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यो से प्रभावित होकर इनका जुड़ाव अब भाजपा की ओर होता जा रहा है। श्री यादव ने माँग की है कि यादव समाज को विकास की मुख्य धारा में प्रभावी ढंग से जोड़ने इनके उत्थान एवं कल्याण के लिये यादव कल्याण बोर्ड का गठन करने की आवश्यकता है। गौरतलब है कि 15 दिन के भीतर मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा स्वर्ण कला रजक कल्याण तेलघानी और विश्वकर्मा कल्याण बोर्ड बनाने के आदेश जारी किये जा चुके हैं। ज्ञापन के दौरान अखिल भारतीय युवा यादव महासभा के जिलाध्यक्ष कमलेश यादव भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष इंजी अभय प्रताप सिंह यादव मोहनपुरा सरपंच श्रीमति कामनी रामेश्वर यादव रानीपुरा सरपंच घनेन्द्र यादव प्रेमपुरा सरपंच दिनेश यादव अस्तौन सरपंच पुष्पेन्द्र यादव कांटी सरपंच कल्लू यादव खारई सरपंच कमलेश यादव नया खेरा सरपंच छोटू यादव भाजपा युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष चीकू यादव युवा मोर्चा कार्यालय मंत्री जैकी यादव पंचायत सचिव विजय यादव अंशुल यादव ओमप्रकाश यादव रविन्द्र यादव चंदन सिंह यादव सहित समाज के दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## यूवा नीति को लेकर युवा मोर्चा ने की चोपाल बैठक, चलाया अभियान सफाई

### युवा नीति पर युवाओं को किया संबोधित, गिनाई राज्य व केंद्र सरकार की उपलब्धि

नर्मदा समय, नवील वर्मा



**शाहपुर।** मध्यप्रदेश सरकार की युवा नीति को लेकर युवा मोर्चा के द्वारा शनिवार को ग्राम पंचायत परिसर स्थित अतिथि भवन में चौपाल आयोजित की गई कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में युवा मोर्चा जिला महामंत्री संतोष टेकाम ने युवा नीति पर युवाओं को संबोधित किया, भाजपा स्थापना दिवस के इस अवसर पर वरिष्ठ मुख्य अतिथि पूर्व राज्य महिला आयोग सदस्य गंगाबाई ने भी युवा नीति को लेकर युवाओं को संबोधित किया।

युवा मोर्चा के द्वारा लगाए गए इस चौपाल पर पहुंचे युवा मोर्चा जिला महामंत्री संतोष टेकाम ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जहां 2014 के पूर्व केंद्र सरकार में 2जी स्पेक्ट्रम घोटाला,कामनवेल्थ घोटाला, काला धन इत्यादि जैसे मुद्दे सुनाई दिया करते थे वही 2003 से पहले मध्य प्रदेश के लिए टूटी सड़कें, बीमारू राज्य, बिजली पानी की कमी, जैसी बातें आम हुआ करती थी। किंतु आज राज्य व केंद्र की भाजपा सरकार आने के बाद मध्यप्रदेश में शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में आधार भूत संरचना मजबूत हुई है, वहीं प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में बनी केंद्र सरकार ने भारत का नाम दुनिया में रोशन किया है। वही युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष दिलीप माधव ने अपने संबोधन में कहा की भारतीय जनता पार्टी की सरकार में राम मंदिर, 370 जैसे कठिन मसले जहां आसानी से हल हुए हैं वहीं भारत ने आत्मनिर्भर बनने की ओर कदम बढ़ा लिया है। वहीं, मध्यप्रदेश में इंदौर ने न सिर्फ लगातार छठी बार भारत के सबसे स्वच्छ शहर होने का खिताब जीता है, बल्कि अब वह प्राकृतिक ऊर्जा के निर्माण और ग्रीन ब्रांड जैसे नए विचारों को भी पूर्ण करने में लग गया है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष दिलीप माधव,मंडल महामंत्री दीपेश यादव, उपाध्यक्ष महादेव मसकोल, मिन्नू राय,रूबल सलूजा शैलेश यादव,आई टी सेल गौरव पटवा, सह मीडिया प्रभारी शिवम जोगी,मीडिया प्रभाति राजा सोनी,विकास उइके,गोलू नामदेव, अकरम अली,बलवीर सेलूकर,संदीप राठौर, रजत यादव,अमन पलासे सहित अन्य युवा मोर्चा कार्यकर्तागण कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

**चोपाल बैठक में युवा मोर्चा ने चलाया अभियान सफाई :** युवा मोर्चा युवा नीति को लेकर हुई चौपाल बैठक के तहत् युवा मोर्चा ने मां बिजासन मंदिर प्रांगण की साफ-सफाई कर सफाई अभियान चलाया। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व राज्य महिला आयोग गंगाबाई उईके एवं भाजयुमो जिला महामंत्री संतोष टेकाम जी एवं युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष दिलीप माधव,गौरव पटवा,महादेव मसकोल, दीपेश यादव,शैलेश यादव, विकास उईके के साथ अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

# मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी ने 193 लाख मीट्रिक टन कोयला प्राप्ति का बनाया रिकार्ड

नर्मदा समय नवील वर्मा



बैतूल। मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी ने अपने ताप विद्युत गृहों हेतु वित्तीय वर्ष 2022-23 में सर्वाधिक कोयले की मात्रा प्राप्त करने का रिकार्ड बनाया है। इस वित्तीय वर्ष में मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के ताप विद्युत गृहों को कुल 193 लाख मीट्रिक टन कोयला प्राप्त हुआ है यह अनुबंधित मात्रा का लगभग 83 प्रतिशत है।

### ज्यादा कोयला मिलने से सर्वाधिक ताप विद्युत उत्पादन हुआ संभव

मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के ताप विद्युत गृहों हेतु कोयला भारत सरकार की कोयला कंपनियों साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल), वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल) व नॉर्थर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) द्वारा कोयला प्रदाय अनुबंध के अनुसार कोयला प्रदान किया जाता है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में पावर जनरेटिंग कंपनी के द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप विद्युत उत्पादन के हेतु आवश्यक कोयले की अनुमानित मात्रा लगभग 200 लाख मीट्रिक टन थी, जिसके सापेक्ष लगभग 97 प्रतिशत मात्रा प्राप्त हुई। समुचित मात्रा में कोयला प्राप्त होने से मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के ताप विद्युत गृहों से सर्वाधिक विद्युत उत्पादन किया जाना संभव हुआ।

### आपसी सामंजस्य से अधिक कोयले की आपूर्ति हुई संभव

वित्तीय वर्ष 2021-22 में सम्पूर्ण देश में कोयले की उपलब्धता में काफ़ी कमी महसूस की गई थी। मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के ताप विद्युत गृहों में कोयले की आपूर्ति में भारत सरकार के कोयला मंत्रालय, विद्युत मंत्रालय, भारतीय रेल एवं कोयला कंपनियों के मध्य समुचित सामंजस्य स्थापित कर वित्तीय वर्ष 2022-23 में ज्यादा कोयले की आपूर्ति संभव हो पाई।

### ऊर्जा मंत्री ने दी बधाई

मध्यप्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, प्रमुख सचिव ऊर्जा संजय दुबे एवं मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने कोयला आपूर्ति से संबद्ध अभियंताओं व कार्मिकों को इस उपलब्धि पर बधाई दी है।

## बेटी मोहसिना बानो ने जिले वासियों को किया गौरवान्वित डिप्टी कलेक्टर की परीक्षा पास कर पाया सातवां स्थान



टीकमगढ़। नगर के स्थानीय वार्ड क्रमांक 23 में निवासरत हाजी इकराम की बेटी मोहसिना वानों ने जिले सहित नगर का नाम रोशन किया है जहां उन्होंने यूपीएससी एवं पीएससी की परीक्षा में सातवां स्थान प्राप्त कर परीक्षा पास कर अपने माता-पिता सहित गुरुजनों एवं परिवार, संबंधी जनों को गौरवान्वित किया है। बेटी मोहसिना वानो ने डिप्टी कलेक्टर की परीक्षा उत्तीर्ण कर सातवां स्थान प्राप्त किया है जहां उनकी इस उपलब्धि पर जिले वासियों सहित नगर वासियों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। बड़े ही गर्व की बात ही कि एक साधारण परिवार की बेटी मोहसिना बानो जहां इनके पिता बहुत ही साधारण जीवन यापन करने वाले जनाब हाजी इकराम जो आज भी नगर के पुराने बस स्टैंड पर किराना एवं पान की दुकान चलाते है एवं इनकी मां आंगनबाड़ी कार्यकर्ता है। बेटी मोहसिना वानों ने अपनी लगन मेहनत और परिश्रम से अपने माता-पिता सहित गुरुजनों को बहुत-बहुत गौरवान्वित किया है। हमारा नर्मदा समय न्यूज़ ग्रुप भी बेटी मोहसिना वानों को उनकी इस उपलब्धि पर बहुत-बहुत बधाई देता है और शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता है।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक-प्रताप सिंह वर्मा के लिए ''दिशागोचर प्रकाशन'', 26बी, प्रेस काम्पलेक्स, एम.पी.नगर, जोन-1 भोपाल से मुद्रित एवं लाइफ लाइन भवन शिवराजपुरी कॉलोनी इटारसी जिला नर्मदापुरम 461111 म.प्र. इटारसी से प्रकाशित किया। नो :- सभी विवादों के लिए न्यायक्षेत्र नर्मदापुरम जिला न्यायालय रहेगा। मोबाइल नं.:-7974372722